# दिल्ली अधिनस्थ सेवा चयन बोर्ड
# परास्नातक शिक्षक (PGT) परीक्षा, 2021
# हिन्दी
## व्याख्या सहित हल प्रश्न-पत्र

**परीक्षा तिथि - 18.07.2021, Shift-II (Male)**

**1. 'इश्कनामा' के रचयिता कौन है?**
(a) केशवदास (b) बोधा
(c) आलम (d) मतिराम

**Ans : (b)** 'इश्कनामा' के रचयिता बोधा हैं। इनका वास्तविक नाम 'बुद्धिसेन' था। बोधा रीतिकाल के रीतिमुक्त काव्यधारा के कवि हैं। इनकी अन्य प्रमुख रचना-विरह वारीश है। रीतिमुक्त काव्यधारा के अन्य कवि हैं– आलम, घनानंद, ठाकुर तथा द्विजदेव

**2. 'फूल नहीं रंग बोलते हैं' किसका कविता संग्रह है?**
(a) रागेंय राघव (b) सुमन
(c) नागार्जुन (d) केदारनाथ अग्रवाल

**Ans : (d)** 'फूल नहीं रंग बोलते हैं' (1965) कविता संग्रह प्रगतिवादी कवि 'केदारनाथ अग्रवाल' का है, इनका जन्म 1911 ई0 में हुआ था। शुरुआती दिनों में 'बालेन्दु' उपनाम से कविताएँ लिखीं। इनके अन्य प्रमुख कविता संग्रह हैं- युग की गंगा (1947), नींद के बादल (1947), आग का आईना (1970), अपूर्वा (1984) तथा जो शिलाएं तोड़ते हैं (1985) ।

**3. भारतेन्दु हरिश्चन्द्र ने काव्य धारा को किस ओर मोड़ा?**
(a) निर्गुण भक्ति ओर (b) स्वदेश प्रेम की ओर
(c) रीति ग्रंथों की ओर (d) शृंगार प्रियता की ओर

**Ans : (b)** भारतेन्दु पूर्व काव्यधारा में भक्ति तथा शृंगार की प्रवृत्ति प्रधान थी,भारतेन्दु हरिश्चन्द्र ने युगानुरूप काव्य की धारा को 'स्वदेश प्रेम' की ओर मोड़ा। भारतेन्दु की प्रसिद्ध पंक्ति है-
रोवहु सब मिलि, आवहु भारत भाई।
हा! हा! भारत दुर्दुशा न देखी जाई।।

**4. बिहारी ने अपने काव्य में किस छंद को अपनाया?**
(a) कवित्त (b) दोहा
(c) छप्पय (d) सवैया

**Ans : (b)** बिहारी ने अपने काव्य में 'दोहा छंद' का प्रयोग किया है, ये रीतिसिद्ध कवि हैं। संस्कृत के आचार्य बलदेव उपाध्याय ने लिखा है, ''बिहारी दोहा के बादशाह हैं।'' बिहारी की एकमात्र रचना 'बिहारी सतसई' दोहा छंद में रचित है।

**5. 'वर दे, वीणावादिनी वर दे' यह सरस्वती वंदना किस कवि ने लिखी है?**
(a) महादेवी वर्मा (b) जयशंकर प्रसाद
(c) सुमित्रानंदन पंत (d) सूर्यकान्त त्रिपाठी निराला

**Ans : (d)** 'वर दे वीणावादिनी वर दे' यह सरस्वती वंदना सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला' ने लिखी है। निराला हिन्दी कविता में 'मुक्त छंद' के प्रवर्तक हैं। निराला की अन्य महत्त्वपूर्ण कविताएँ निम्न हैं – सरोज स्मृति (1935), राम की शक्तिपूजा (1936ई.), सच है (1935ई.), जूही की कली तथा बादल राग आदि।

**6. कौन-सा कवि 'एक भारतीय आत्मा' के नाम से कविता लिखता था?**
(a) केदारनाथ अग्रवाल (b) भवानी प्रसाद मिश्र
(c) माखन लाल चतुर्वेदी (d) शम्भू नाथ सिंह

**Ans : (c)** माखन लाल चतुर्वेदी 'एक भारतीय आत्मा' के नाम से कविता लिखते थे। इनका जन्म 1889ई. में हुआ था। इनकी प्रसिद्ध कविता 'कैदी और कोकिला' तथा 'पुष्प की अभिलाषा' आदि है।

**7. निम्नलिखित में से कौन-निर्गुण भक्ति धारा का नहीं है?**
(a) रैदास (b) नानक
(c) कबीर (d) विद्यापति

**Ans : (d)** रैदास, नानक और कबीरदास निर्गुण भक्ति धारा के कवि हैं जबकि विद्यापति आदिकालीन भक्त और शृंगारी कवि हैं। विद्यापति शैव सम्प्रदाय के कवि थे। विद्यापति को 'मैथिल कोकिल' 'अभिनव जयदेव' तथा 'खेलन कवि' की उपाधियाँ प्राप्त थी।

**8. किस ग्रन्थ में राधा-कृष्ण के प्रेम का अनूठा वर्णन है?**
(a) मृगावती (b) पदावली
(c) पद्मावत (d) मधुमालती

**Ans : (b)** राधा-कृष्ण के प्रेम का अनूठा वर्णन 'पदावली' में मिलता है। पदावली की रचना 'विद्यापति' ने मैथिली में की है। 'निराला' ने पदावली के शृंगारिक पदों की मादकता को 'नागिन की लहर' कहा है। मृगावती, पद्मावत तथा मधुमालती सूफी कवियों की रचनाएँ हैं।

**9. केशवदास किस राजा के आश्रय में थे?**
(a) बूंदी के राजा भावसिंह
(b) छत्रसाल
(c) ओरछा के राजा इन्द्रजीत सिंह
(d) शिवाजी

**Ans : (c)** केशवदास 'ओरछा नरेश महाराज रामसिंह' के भाई इन्द्रजीत सिंह के गुरु और राज्याश्रित कवि थे। केशवदास का जन्म 1555 ई0 में हुआ था। ये 'निम्बार्क सम्प्रदाय' में दीक्षित थे। इनकी प्रमुख रचनाएँ निम्न हैं- रसिक प्रिया, रामचन्द्रिका, कविप्रिया तथा विज्ञानगीता, रतन बावनी आदि।

**10. 'रासपंचाध्यायी' किसकी विख्यात रचना है?**
(a) सूरदास (b) केशव
(c) तुलसीदास (d) नंददास

**Ans : (d)** 'रासपंचाध्यायी' नंददास की रचना है, नंददास अष्टछाप कवियों में शामिल कवि हैं। रासपंचाध्यायी रोला छंद में लिखा गया है। यह पांच अध्याय में विभक्त है। नंददास के अन्य प्रमुख ग्रंथ इस प्रकार हैं- सुदामा चरित, रसमंजरी, रूपमंजरी, विरह मंजरी, श्यामसगाई तथा सिद्धान्त पंचाध्यायी आदि।

11. **'बनारस अखबार' का संचालन किसने किया?**
(a) राजा लक्ष्मण सिंह
(b) राजा शिव प्रसाद सितारे हिन्द
(c) पांडे बेचन शर्मा 'उग्र'
(d) बालकृष्ण भट्ट

**Ans : (b)** 'बनारस अखबार' हिन्दी भाषी क्षेत्र का प्रथम समाचार पत्र माना जाता है। इसका प्रकाशन जनवरी, 1845 ई. में हुआ। इस अखबार के संचालक 'राजा शिव प्रसाद 'सितारे हिन्द'थे। इस अखबार में अरबी और फारसी भाषा के शब्दों की बहुतायत थी।

12. **'काव्य निर्णय' का रचयिता कौन है?**
(a) घनानंद (b) बिहारी
(c) मतिराम (d) भिखारीदास

**Ans : (d)** 'काव्य निर्णय' के रचयिता भिखारीदास हैं, ये रीतिकाल के रीतिबद्ध धारा के कवि हैं। भिखारीदास की प्रमुख रचनाएँ निम्न हैं- रस सारांश (1742), काव्य निर्णय (1746), शृंगार निर्णय (1750) आदि।

13. **''खीरा सिर से काटिए, मलियत नमक लगाय'', यह उक्ति किसकी है?**
(a) रसखान (b) रहीम
(c) केशवदास (d) कबीर

**Ans : (b)** उपर्युक्त उक्ति 'रहीमदास' की है, इनका मूलनाम 'अब्दुल रहीम खानखाना' था। रहीमदास ने 'बरवैनायिका भेद' नामक ग्रंथ की रचना अवधी भाषा में की, यह अवधी भाषा में रचित प्रथम रीति निरूपक ग्रंथ है।

14. **'सुजान विनोद' किसकी रचना है?**
(a) देव (b) घनानंद
(c) चिंतामणी (d) पद्माकर

**Ans : (a)** 'सुजान विनोद' देव की रचना है। इनका मूलनाम देवदत्त था। देव, आचार्य और कवि दोनों रुपों में प्रसिद्ध हैं। देव कविता में अभिधा को महत्व देते हैं, 'काव्य रसायन' की प्रसिद्ध उक्ति है-
''अभिधा उत्तम काव्य है, मध्य लक्षणा लीन।
अधम व्यंजना रस-विरस, उलटी कहत नवीन।।

15. **निम्न में से कौन-सी अमीर खुसरो की रचना नहीं है?**
(a) पहेलियां तथा मुकरियां (b) पुरुष परीक्षा
(c) दो सुखने (d) खालिक बारी

**Ans : (b)** 'पुरुष परीक्षा' विद्यापति की संस्कृत में लिखी रचना है, जबकि पहेलियाँ तथा मुकरियाँ, दो सुखने और खालिक बारी अमीर खुसरो की रचनाएँ हैं। खुसरों, निजामुद्दीन औलिया के शिष्य थे। ये खड़ी बोली के आदि कवि कहे जाते हैं।

16. **'नाहीं-नाहीं करै थोरे मांगे, सब देन कहै'' किस कवि की पंक्ति है?**
(a) आलम (b) ठाकुर
(c) कुलपति (d) सेनापति

**Ans : (d)** उपर्युक्त पंक्ति 'सेनापति' की है, जो इस प्रकार है-
'नाही नाही करै थोरे मांगे सब देन कहै
मंगन को देख पट देत बार बार है।
सेनापति द्वारा रचित दो ग्रंथ हैं- कवित्त रत्नाकर तथा काव्यकल्पद्रुम।

17. **नीड़ का निर्माण फिर के लेखक कौन है?**
(a) श्रीराम शर्मा (b) महादेवी वर्मा
(c) उपेन्द्र नाथ 'अश्क' (d) हरिवंशराय बच्चन

**Ans : (d)** नीड़ का निर्माण फिर (1970 ई.) हरिवंशराय बच्चन की प्रसिद्ध कृति है। यह इनके आत्मकथा का दूसरा भाग है। बच्चन जी ने अपनी आत्मकथा चार भागों में लिखी जो इस प्रकार है-
प्रथम – क्या भूलूँ क्या याद करूँ (1969 ई.)
द्वितीय – नीड़ का निर्माण फिर (1970 ई.)
तृतीय – बसेरे से दूर (1978 ई.)
चतुर्थ - दश द्वार से सेपान तक (1985 ई.)

18. **पद्माकर का सर्वश्रेष्ठ ग्रन्थ किसे माना जाता है?**
(a) प्रबोध पचासा (b) भूमिजा
(c) गीतावली (d) नल दमयंती

**Ans : (a)** पद्माकर का सर्वश्रेष्ठ ग्रन्थ 'प्रबोध पचासा' को माना जाता है। अन्य रचनाओं के रचनाकार इस प्रकार है-
भूमिजा - नागार्जुन
गीतावली – तुलसीदास
नल दमयंती – राजा रवि वर्मा

19. **मैथिलीशरण गुप्त के साहित्यिक गुरु कौन थे?**
(a) पंडित रामचंद्र शुक्ल
(b) भारतेन्दु हरिश्चंद्र
(c) पंडित महावीर प्रसाद द्विवेदी
(d) पंडित प्रतापनारायण मिश्र

**Ans : (c)** राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त अपना साहित्यिक गुरु आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी को मानते हैं। गुप्त जी को साकेत (1931ई0) रचना की मूल प्रेरणा 1908 ई0 में सरस्वती पत्रिका में प्रकाशित आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी के लेख 'कवियों की उर्मिला विषयक उदासीनता' से मिली थी।

20. **काल-क्रम के अनुसार कौन सा कवि सबसे पहले हुआ था?**
(a) मीरा (b) कबीर
(c) सूरदास (d) तुलसीदास

**Ans : (b)** कालक्रम के अनुसार उपर्युक्त कवि-

| कवि | जन्म वर्ष |
|---|---|
| कबीरदास | 1398 ई0 |
| सूरदास | 1478 ई0 |
| मीराबाई | 1516 ई0 |
| तुलसीदास | 1532 ई0 |

21. **'आपका बंटी' उपन्यास किसके द्वारा लिखा गया है?**
(a) शांति मल्होत्रा (b) मृदुला गर्ग
(c) कृष्णा सोबती (d) मन्नू भंडारी

**Ans : (d)** 'आपका बंटी (1971 ई.) मन्नू भंडारी का प्रसिद्ध उपन्यास है। यह उपन्यास 'धर्मयुग' पत्रिका में प्रकाशित हुआ। यह उपन्यास विवाह-विच्छेद की त्रासदी में एक बच्चे की मनोदशा को केन्द्र में रखकर रचा गया है।

22. **तुलसीदासजी ने निम्न में से किस गुरु से शास्त्रों का अध्ययन किया?**
(a) शेषसनातन (b) रामानंद
(c) शेख फरीद (d) राघवाचार्य

**Ans : (a)** तुलसीदास जी ने शास्त्रों का अध्ययन काशी में गुरु 'शेषसनातन' के पास रहकर किया जबकि राम मन्त्र की दीक्षा नरहर्यानन्द से पाई थी।

**23. देवकीनंदन खत्री द्वारा लिखित 'चंद्रकांता' किस प्रकार का उपन्यास है?**

(a) तिलस्मी (b) सामाजिक
(c) जासूसी (d) ऐतिहासिक

**Ans : (a)** हिन्दी उपन्यासों के इतिहास में देवकीनंदन खत्री अपने तिलस्मी और ऐयारी उपन्यासों के लिए जाने जाते हैं। इनका 'चन्द्रकांता (1888 ई.) तिलस्मी उपन्यास है। जासूसी उपन्यासों के प्रवर्तक 'गोपालराम गहमरी' माने जाते हैं।

**24. निम्न में से किस लेखक को आलोचना के क्षेत्र में सम्राट माना जाता है?**

(a) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल (b) श्याम सुन्दरदास
(c) डॉ नगेन्द्र (d) डॉ. रामविलास शर्मा

**Ans : (a)** आचार्य रामचन्द्र शुक्ल को आलोचना के क्षेत्र में सम्राट माना जाता है। हिन्दी आलोचना का विकास भारतेन्दु युग से हुआ जबकि विशुद्ध आलोचना की शुरुआत शुक्ल युग से ही मानी जाती है। गुण-दोष के कथन से आगे बढ़कर कवियों की विशेषताओं और अंतःप्रवृत्ति की छानबीन की ओर ध्यान, सबसे पहले शुक्ल जी ने दिया। नलिन विलोचन शर्मा लिखते हैं- ''शुक्ल जी से बड़ा समीक्षक संभवतः उस युग में किसी भी भारतीय भाषा में नहीं था।''

**25. ''मुक्त करो नारी को मानव, चिर वन्दिनी नारी को युग-युग की निर्मम काश से, जननी सखी प्यारी को'' नारी भावना से सम्बन्धित निम्न पंक्तियां किस कवि की है?**

(a) जयशंकर प्रसाद (b) हजारी प्रसाद द्विवेदी
(c) सुमित्रानंदन पंत (d) महादेवी वर्मा

**Ans : (c)** उपर्युक्त पंक्तियां सौन्दर्य के अप्रतिम कवि 'सुमित्रानंदन पंत' की है। नारी स्वतंत्रता के पक्ष में पंत जी ने कहा था- ''भारतीय सभ्यता और संस्कृति का पूर्ण उदय तभी संभव है, जब नारी स्वतंत्र वातावरण में जी रही हो।'' पल्लव (1928 ई.), गुजन (1932 ई.), युगांत (1936 ई.), युगवाणी (1939 ई.), ग्राम्या (1940 ई.) आदि पंत जी की काव्य कृतियाँ हैं।

**26. ''यदि गद्य कवियों की कसौटी है तो निबंध गद्य की कसौटी है।'' निबंध के विषय में यह मत किस लेखक का है?**

(a) डॉ. श्यामसुंदर दास (b) डॉ. नगेन्द्र
(c) रामचन्द्र शुक्ल (d) हजारी प्रसाद द्विवेदी

**Ans : (c)** निबंध के विषय में आचार्य रामचन्द्र शुक्ल का मत है- ''यदि गद्य कवियों की कसौटी है तो निबंध गद्य की कसौटी है भाषा की पूर्ण शक्ति का विकास निबंधों में ही सबसे अधिक संभव है।'' आचार्य शुक्ल ने प्रायः साहित्यिक और मनोवैज्ञानिक निबंध लिखे हैं– कविता क्या है?, काव्य में लोकमंगल की साधनावस्था, साधरणीकरण और व्यक्ति वैचित्र्यवाद आदि सैद्धान्तिक आलोचनात्मक निबंध है।

**27. निम्नलिखित लेखकों में से किसके व्यंग्यात्मक-निबंध शिवशम्भु का चिट्ठा में संगृहित है?**

(a) प्रतापनारायण मिश्र (b) अम्बिका दत्त व्यास
(c) बाल मुकुंद गुप्त (d) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र

**Ans : (c)** 'शिवशम्भु का चिट्ठा' बालमुकुन्द गुप्त के व्यंग्यात्मक निबंधों का संग्रह है। जिसे उन्होंने 1904-05 ई0 में तत्कालीन गवर्नर जनरल 'लार्ड कर्जन' को सम्बोधित करके लिखा था।

**28. निम्न में से कौन-सा कथन गलत है?**

(a) कबीर के राम अजन्मा हैं
(b) कबीर ने मूर्ति पूजा का समर्थन किया
(c) कबीर ब्रह्म की आराधना स्वयं को दुल्हन मनाकर करते हैं
(d) कबीर वाह्याडंबर के विरोधी थे

**Ans : (b)** कबीरदास निर्गुण धारा के कवि थे। उन्होंने मूर्तिपूजा का समर्थन नहीं अपितु विरोध किया था। कबीर ने कहा-'पाथर पूजे हरि मिले, तो मैं पूजूँ पहाड़।' अतः विकल्प (b) गलत है।

**29. 'बुधुआ की बेटी' उपन्यास किसने लिखा?**

(a) जयशंकर प्रसाद
(b) चतुरसेन शास्त्री
(c) विश्वम्भरनाथ कौशिक
(d) पांडेय बेचन शर्मा 'उग्र'

**Ans : (d)** 'बुधुआ की बेटी (1928)' उपन्यास पाण्डेय बेचन शर्मा 'उग्र' ने लिखा, यह उपन्यास अछूतोद्धार की समस्या को केन्द्र में रखकर लिखा गया है। उग्र को हिन्दी उपन्यासों में पत्रात्मक प्रविधि के प्रवर्तक के रूप में भी जाना जाता है।

**30. 'देहाती दुनिया' किसका उपन्यास है?**

(a) ब्रजनंजन सहाय (b) ऋषभचरण जैन
(c) शिवपूजन सहाय (d) शिवनंदन सहाय

**Ans : (c)** 'देहाती दुनिया' शिवपूजन सहाय का उपन्यास है इसका प्रकाशन 1926 ई0 में हुआ था। देहाती दुनिया को आँचलिक उपन्यास माना जाता है। 1924 ई. में शिवपूजन सहाय ने प्रेमचंद के साथ 'माधुरी' का सम्पादन किया।

**31. ''देव और बिहारी'' किसकी पुस्तक है?**

(a) पद्म सिंह शर्मा (b) लाला भगवानदीन
(c) मिश्र बंधु (d) कृष्ण बिहारी मिश्र

**Ans : (d)** 'देव और बिहारी' पुस्तक कृष्ण बिहारी मिश्र की है, इस पुस्तक में देव को बड़ा कवि सिद्ध किया गया है। लाला भगवानदीन ने 'बिहारी और देव' नाम से आलोचनात्मक पुस्तक लिखी जिसमें बिहारी को बड़ा कवि माना गया है।

**32. निम्नलिखित में से कौन-सी कहानी जयशंकर प्रसाद द्वारा लिखी गई है?**

(a) ईदगाह (b) राखीबंध भाई
(c) गुंडा (d) नकली किला

**Ans : (c)** 'गुण्डा' कहानी जयशंकर प्रसाद द्वारा लिखी गई। अतः विकल्प (c) संगत होगा। प्रसाद की पहली कहानी 'ग्राम' शीर्षक से 'इन्दु' पत्रिका (1911 ई.) में प्रकाशित हुई।

**33. निम्न विकल्पों में लेखक व उनकी आत्मकथा संबंधी युग्मों में गलत युग्म को चुनिए?**

(a) सेठ गोविन्द दास –घर की बात
(b) भवानी दयाल सन्यासी-प्रवासी की आत्मकथा
(c) सुभाषचन्द्र बोस तरुण के स्वप्न
(d) हरिवंशराय बच्चन –क्या भूलूँ क्या याद करूँ

**Ans : (a)** 'घर की बात (1983 ई.)' रामविलास शर्मा की आत्मकथा है न कि सेठ गोविन्द दास की। शेष अन्य विकल्प सुमेलित है।

**34. 'कलम का सिपाही' में लेखक ने किसके जीवन का परिचय दिया है?**

(a) अमृतराय (b) आचार्य रामचंद्र शुक्ल
(c) प्रेमचंद (d) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र

**Ans : (c)** 'कलम का सिपाही' मुंशी प्रेमचंद की जीवनी है जिसे अमृतराय ने 1962 ई. में लिखा। प्रेमचंद की दो अन्य जीवनियाँ 'प्रेमचंद घर में' शिवरानी देवी द्वारा तथा कलम का मजदूर (1964 ई.) मदन गोपाल द्वारा लिखी गई हैं।

**35. बंगाल के अकाल पर हिन्दी लेखक ने 'तूफानों के बीच रिपोर्ताज लिखा है?**

(a) रागेय राघव
(b) अमृत राय
(c) कन्हैयालाल मिश्र प्रभाकर
(d) भगवतशरण उपाध्याय

**Ans : (a)** 'तूफानों के बीच (1941 ई.)' रिपोर्ताज रागेय राघव ने लिखा। यह बंगाल के अकाल पर आधारित मार्मिक रचना है। हिन्दी में रिपोर्ताज का जनक 'शिवदान सिंह चौहान' को माना जाता है। भगवत शरण उपाध्याय ने 'खून के छींटे'' नाम से रिपोर्ताज लिखा है।

**36. 'सत्यशोधक समाज' के संस्थापक कौन थे?**

(a) ज्योतिबा फूले (b) तिलक
(c) बाबू तोताराम (d) नारायण गुरू

**Ans : (a)** 'सत्यशोधक समाज' की स्थापना ज्योतिबा फूले द्वारा 24 सितम्बर 1873 ई0 को किया गया। सत्य की खोज करने वाला यह समाज शूद्र एवं अस्पृश्य जाति के लोगों को जागृत करने तथा अस्पृश्यता उन्मूलन को उद्देश्य बनाकर स्थापित किया गया।

**37. अति सूधो सनेह को मारग है। किसी उक्ति है?**

(a) ठाकुर (b) आलम
(c) जितामणी (d) घनानंद

**Ans : (d)** 'अति सूधो सनेह को मारग है' यह उक्ति घनानंद की है। घनानंद रीतिमुक्त काव्यधारा के अग्रणी कवि हैं। इन्होंने 'निम्बार्क सम्प्रदाय' में दीक्षा ली। घनानंद मूलतः प्रेम की पीड़ा के कवि हैं। इनके प्रमुख ग्रंथ हैं- सार, इश्कलता, विरहलीला, वियोगबेलि, कृपाकंद, यमुनायश, रस केलि वल्ली आदि।

**38. बालचंद विज्जावहू भाषा। दुह नहिं लग्गइ दुज्जन हासा। विद्यापति की किस रचना की पंक्ति है?**

(a) कीर्तिपताका (b) लिखनावली
(c) भूपरिक्रमा (d) कीर्तिलता

**Ans : (d)** उपर्युक्त पंक्ति विद्यापति के 'कीर्तिलता' ग्रन्थ से है यह अवहट्ट में रचित ग्रंथ है। हजारीप्रसाद द्विवेदी ने विद्यापति को 'शृंगार रस का सिद्ध वाक् कवि' कहा है। कीर्तिलता की रचना भृंग-भृंगी संवाद के रूप में हुई है।

**39. प्रेमचंद की 'पूस की रात'कहानी कैसी कहानी है?**

(a) अशिक्षा के अभिशाप की कहानी
(b) भारतीय किसान के टूटने की कहानी
(c) उच्च वर्ग की कहानी
(d) भारतीय मध्यमवर्ग मिथ्याभिमान की कहानी

**Ans : (b)** प्रेमचंद कृत पूस की रात (1921 ई.) कहानी के केन्द्र में 'भारतीय किसान और टूटने की कहानी' है। कर्ज के जाल में फंसा किसान किस तरह मजदूर बन जाने को मजबूर होता है, इसका मार्मिक चित्रण है। कहानी का मुख्य पात्र 'हल्कू' और उसका कुत्ता 'जबरा' है।

**40. निम्नलिखित निबंध-संग्रहों में से कौन-सा संग्रह धर्मवीर भारती द्वारा लिखा गया नहीं है?**

(a) खरगोश की सींग (b) कहनी-अनकहनी
(c) पश्यंती (d) ठेले पर हिमालय

**Ans : (a)** 'खरगोश के सींग' प्रभाकर माचवे का व्यंग्यात्मक निबंध है। शेष तीनों निबंध धर्मवीर भारती के हैं।

**41. निम्न विकल्पों में से उस विकल्प को चुनिए जो दिए गए शब्द के सही अनेकार्थी रूप वाला विकल्प नहीं है।**
**मधु**

(a) एक दैत्य (b) शहद
(c) वसंत (d) मेवा

**Ans : (d)** पौराणिक कथाओं में मधु- कैटभ नाम का दैत्य हुआ है। अतः 'मधु' के समनार्थी शब्द – एक दैत्य, शहद तथा वसंत है जबकि 'मेवा' समनार्थी नहीं है।

**42. ब्रजभाषा का कौन-सा कवि ऋतु वर्णन के लिए विख्यात है**

(a) मतिराम (b) देव
(c) मद्माकर (d) सेनापति

**Ans : (d)** ब्रजभाषा के कवि 'सेनापति' 'ऋतु वर्णन' के लिए विख्यात है। सेनापति का जन्म 1589 ई0 के आसपास माना जाता है। सेनापति के दो ग्रन्थ उपलब्ध हैं- कवित्त रत्नाकर और काव्य कल्पद्रुम। ऋतु वर्णन में इनका मन अधिक रमा है। आचार्य शुक्ल ने सेनापति के सन्दर्भ में लिखा है- 'ये बड़े ही सहृदय कवि थे ऋतु वर्णन तो इनके जैसा और किसी श्रृंगारी कवि ने नहीं किया।'

**43. जायसी के पद्मावत में 'पद्मावती' कहां की राजकुमारी थी**

(a) सिंहलद्वीप (b) नागदेश
(c) अवंतिका (d) चितौड़

**Ans : (a)** जायसी कृत पद्मावत में 'पद्मावती' सिंहलद्वीप की राजकुमारी थी, पद्मावत के पात्रों और स्थानों के प्रतीकार्थ भी है जैसे- रत्नसेन 'मन' का प्रतीक है, सिंहलद्वीप 'हृदय' का तथा पद्मावती 'सात्विक बुद्धि या परमात्मा' की प्रतीक है।

**44. भूषण के काव्य की भाष क्या थी**

(a) भोजपुरी (b) राजस्थानी
(c) अवधी (d) ब्रज

**Ans : (d)** भूषण 'ब्रजभाषा' में वीर रस की कविता करने वाले कवि हैं। इनकी रचनाएँ शिवराजभूषण, शिवाबावनी और छत्रसाल दशक है।

**45. हिमतरंगिनी किसका काव्य संग्रह है**

(a) भगवती चरण वर्मा (b) दिनकर
(c) माखन लाल चतुर्वेदी (d) रामकुमार वर्मा

**Ans : (c)** 'हिमतरंगिनी (1949ई.) माखनलाल चतुर्वेदी का काव्य संग्रह है। माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय सांस्कृतिक धारा के कवि हैं, इन्हें 'एक भारतीय आत्मा' के नाम से भी जान जाता है। रामधारी सिंह 'दिनकर' को 'अधैर्य का कवि' भी कहा जाता है। दिनकर की प्रमुख कृतियाँ –हुंकार, रसवंती, कुरुक्षेत्र, रश्मिरथी तथा इतिहास के आंसू आदि हैं।

**46. निम्न विकल्पों में से कौन-सा विकल्प नीचे दिए गए शब्द का सही विलोम शब्द है**
**सामिष**

(a) अशिष्ट (b) रंक
(c) भला (d) निरामिष

**Ans : (d)** 'सामिष' का अर्थ होता है- मांस के युक्त इसका विलोम शब्द निरामिष होगा। अतः विकल्प (d) संगत उत्तर है।

**47. ''अजगर करे ना चाकरी, पंछी करे ना काम'', यह उक्ति किस कवि की है**

(a) मलूकदास (b) कबीरदास
(c) नंददास (d) रहीमदास

**Ans : (a)** उपर्युक्त उक्ति 'मलूकदास' की है। मलूकदास संत कवि थे इनके ग्रन्थ हैं- रत्नखान, भक्तिविवेक, ब्रजलीला, ध्रुवचरित, ज्ञानबोध, ज्ञान परोछि। इनकी प्रसिद्ध पंक्ति है-

अजगर करे ना चाकरी पंछी करे न काम।
दास मलूका कह गए सबके दाता राम।।

**48. ''चाह नहीं मैं सुरबाला के गहनों में गूंथा जाऊं'' पंक्तियाँ किस कवि की है**

(a) मैथिलीशरण गुप्त (b) माखन लाल चतुर्वेदी
(c) रामधारी सिंह दिनकर (d) सियारामशरण गुप्त

**Ans : (b)** उपर्युक्त पंक्ति माखनलाल चतुर्वेदी की प्रसिद्ध कविता 'पुष्प की अभिलाषा' की है। इनकी प्रमुख कृतियाँ हैं- हिमकिरीटिनी (1943ई.), हिमतरंगिनी (1949ई.), माता (1951ई.) तथा समर्पण (1956ई0)। सियारामशरण गुप्त की प्रमुख रचनाएँ- आर्द्रा (1927ई0), पाथेय (1933ई0), मृण्मयी (1936ई0) तथा बापू (1937ई.) आदि हैं।

**49. कवित्त रत्नाकर का लेखक कौन है**

(a) सेनापति (b) बलभद्र मिश्र
(c) नरोत्तमदास (d) केशवदास

**Ans : (a)** 'कवित्त रत्नाकर' सेनापति का ग्रन्थ है। इनका अन्य उपलब्ध ग्रन्थ 'काव्य कल्पद्रुम' है। सेनापति ने अपना सम्पूर्ण काव्य ब्रजभाषा में रचा है। आचार्य शुक्ल इन्हें ऋतु वर्णन का सबसे बड़ा शृंगारी कवि मानते हैं।

**50. ''आँसू'' में किस रस की प्रधानता है**

(a) अद्भुत रस (b) करुण रस
(c) हास्य रस (d) रति रस

**Ans : (b)** 'आँसू (1925 ई.)' जयशंकर प्रसाद की कृति है। यह 133 छंद में रचित विरह प्रधान 'स्मृति काव्य' है। अतः आंसू में करुण रस की प्रधानता है। इसे 'हिन्दी का मेघदूत' कहा जाता है। प्रसाद रचित 'झरना' को 'छायावाद की प्रथम प्रयोगशाला' भी कहा जाता है।

**51. किस कवि की रचना से प्रभावित होकर अकबर ने गोवध बंद करवा दिया था**

(a) संत दादू दयाल (b) आलम
(c) सेनापति (d) गंग

**Ans : (a)** अकबर ने 40 दिनों तक दादू के प्रवचन सुने तथा उन्हीं से प्रभावित होकर गोहत्या पर रोक लगवा दी। कहा जाता है कि दादू के चमत्कारों से प्रभावित होकर अकबर ने आभेर नरेश मानसिंह प्रथम से दादू दयाल को फतेहपुर सीकरी बुलवाया था।

**52. जहाँगीर जस चन्द्रिका के रचयिता कौन है**

(a) देव (b) मतिराम
(c) चिंतामणी (d) केशव

**Ans : (d)** 'जहाँगीर जस चन्द्रिका' केशवदास की रचना है। आचार्य रामचन्द्र शुक्ल केशवदास को अलंकारवादी मानते हैं। आचार्य शुक्ल केशव की आलोचना करते हुए लिखते हैं- ''केशव को कवि हृदय नहीं मिला था।'' डॉ. विजयपाल सिंह ने केशव को 'कोर्ट का कवि' कहा है।

**53. निम्न विकल्पों में से कौन-सा विकल्प नीचे दिए गए शब्द का सही पर्यायवाची शब्द नहीं है**
**अग्राह्य**

(a) अस्वीकार्य (b) अमान्य
(c) अनुचित (d) आगामी

**Ans : (d)** 'अग्राह्य' का अर्थ है जिसे ग्रहण न किया जा सके। अस्वीकार्य, अमान्य, अनुचित 'अग्राह्य' के पर्यायवाची शब्द हैं जबकि आगामी 'अग्राह्य' का पर्यायवाची नहीं है।

**54. श्यामनारायण पाण्डेय का सुविख्यात महाकाव्य कौन-सा है**

(a) मेघनाथ वध (b) हल्दीघाटी
(c) कुरुक्षेत्र (d) राणा प्रताप

**Ans : (b)** 'हल्दीघाटी' श्यामनारायण पाण्डेय का सुविख्यात महाकाव्य है, श्याम नारायण पाण्डेय द्विवेदी युगीन महत्वपूर्ण कवि हैं। इनका प्रमुख महाकाव्य जौहर (1945) है। मेघनाथ वध मैथिलीशरण गुप्त की काव्यकृति है।

**55. 'विनय पत्रिका' किस भाषा में लिखी गई**

(a) ब्रजभाषा (b) संस्कृत
(c) पंजाबी (d) बंगला

**Ans : (a)** 'विनय पत्रिका' तुलसीदास द्वारा ब्रजभाषा में रचित गीतिकाव्य है। ब्रजभाषा में ही दो अन्य गीतिकाव्य कृष्णगीतावली तथा गीतावली भी तुलसीदास की कृति है। 'रामचरितमानस' और 'कवितावली' मे गोस्वामीजी ने 'कलिकाल' का वर्णन किया है।

**56. रसराज ग्रन्थ का रचयिता कौन था**

(a) पद्माकर (b) मतिराम
(c) चिंतामणी (d) देव

**Ans : (b)** 'रसराज' ग्रन्थ के रचयिता मतिराम हैं, इनके अन्य प्रमुख ग्रन्थ-साहित्यसार, ललित ललाम, अलंकार पंचाशिका तथा वृत्त कौमुदी है। आचार्य रामचन्द्र शुक्ल ने लिखा है, ''मतिराम की सी रस स्निग्ध और प्रसाद पूर्ण भावारीति का अनुसरण करने वालों में बहुत ही कम मिलती है।

**57. निम्नलिखित में से कौन-सा कवि सगुण भक्ति धारा का कवि नहीं है**

(a) सूरदास (b) कुतुबन
(c) रसखान (d) नंददास

**Ans : (b)** 'कुतुबन' सूफी कवि थे, ये चिश्ती वंश के शेख बुरहान के शिष्य थे इनका संबंध सगुण भक्ति धारा से नहीं है। 'मृगावती' की रचना 1501ई0 में कुतुबन ने अवधी भाषा तथा दोहा चौपाई छंद में की। सूरदास, रसखान तथा नंददास सगुण भक्ति धारा के कृष्ण काव्य परंपरा के कवि हैं।

**58. ज्ञान राशि के संचित कोष ही का नाम साहित्य है। किसका कथन है**

(a) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र (b) आचार्य शुक्ल
(c) बालकृष्ण भट्ट (d) महावीर प्रसाद द्विवेदी

**Ans : (d)** आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी ने लिखा है, ''ज्ञान-राशि के संचित कोष का ही नाम साहित्य है। सब तरह के भावों को प्रकट करने की योग्यता रखने वाली और निर्दोष होने पर भी यदि कोई भाषा अपना निज का साहित्य नहीं रखती, तो वह रूपवती भिखारिन की तरह कदापि आदरणीय नहीं हो सकती।''

**59. 'कीर्तिलता' की भाषा क्या है**

(a) अवधी (b) मिश्रित अपभ्रंश
(c) ब्रज (d) प्राकृत

**Ans : (b)** 'कीर्तिलता' की भाषा मिश्रित अपभ्रंश या अवहट्ट है। विद्यापति ने कीर्तिलता में तिरहुत राजा कीर्ति सिंह की वीरता और उदारता का चित्रण किया है। विद्यापति तिरहुत राजा शिवसिंह और कीर्ति सिंह के राजदरबारी कवि थे।

**60. मैथिलीशरण गुप्त के किस ग्रन्थ में लक्ष्मण की पत्नी उर्मिला का सुंदर चरित्र-वर्णन है**

(a) भारत-भारती (b) द्वापर
(c) पंचवटी (d) साकेत

**Ans : (d)** मैथिलीशरण गुप्त के 'साकेत' नामक ग्रन्थ में लक्ष्मण की पत्नी उर्मिला का सुंदर चरित्र-वर्णन है। मैथिलशरण गुप्त ने साकेत (1931) ग्रन्थ की रचना 'सरस्वती' पत्रिका में प्रकाशित महावीर प्रसाद द्विवेदी के लेख 'कवियों की उर्मिला-विषयक उदासीनता' से प्रेरणा पाकर की थी। साकेत पालि भाषा का शब्द है जिसका अर्थ है अयोध्या।

**61. निम्न वाक्य में कोष्ठक में दिए गए पदों का परिचय वाला विकल्प चुनिए।**
**रात में ( देर तक ) बारिश होती रही।**

(a) क्रिया विशेषण (b) पुरुषवाचक सर्वनाम
(c) संज्ञा (d) अव्यय

**Ans : (a)** कोष्ठक में दिया गया पद (देर तक) क्रिया की विशेषता बता रहा है। अतः यह क्रिया-विशेषण होगा।

**62. निम्न विकल्पों में से उस विकल्प का चयन कीजिए जो अन्य पुरुष वाचक सर्वनाम का सही विकल्प है।**

(a) मैं (b) वे
(c) हमारा (d) तेरा

**Ans : (b)** अन्य पुरुषवाचक सर्वनाम, जहां वक्ता श्रोता के सिवाय किसी अन्य पुरुष हो। उदाहरण – वह, वे ये, उसने आदि।

**63. निम्न विकल्पों में से उस विकल्प का चयन कीजिए जो दिए गए विग्रह के सही समस्तपद का विकल्प है।**
**परलोक को गमन**

(a) परलोकोगमन (b) परलोकगमन
(c) परलोकमन (d) परलोक्मन

**Ans : (b)** 'परलोक को गमन' का सही समस्त पद 'परलोकगमन' होगा, यह कर्म तत्पुरुष का उदाहरण भी है।

**64. निम्न वाक्य में कोष्ठक में दिए गए पदों का परिचय वाला विकल्प चुनिए।**
**उपवन में ( सुंदर ) फूल खिले हैं।**

(a) हर्षबोधक अव्यय
(b) गुणवाचक विशेषण
(c) क्रिया
(d) मध्यम पुरुष वाचक सर्वनाम

**Ans : (b)** कोष्ठक में दिए गए पद (सुंदर) से संज्ञा का गुण प्रकट हो रहा है, अतः यह गुणवाचक विशेषण होगा।

**65. निम्न विकल्पों में से उस विकल्प का चयन कीजिए जो दिए गए वाक्य के अनुसार सही विशेषण पदबंध का विकल्प हो।**
**तेज चलने वाली गाड़ियाँ प्रायः सबकी पसंदीदा होती है।**

(a) पसंदीदा होती है (b) सबकी पसंदीदा होती है
(c) गाड़ियाँ (d) तेज चलने वाली

**Ans : (d)** संज्ञा या सर्वनाम की विशेषता बताने वाले शब्द को विशेषण कहते हैं। दिए गए वाक्य में 'गाड़ियों' की विशेषता (तेज चलने वाली) पदबंध से प्रकट हो रही है। अतः विकल्प (d) संगत उत्तर होगा।

**66. निम्न विकल्पों में से उस विकल्प का चयन कीजिए जो दिए वाक्य के अनुसार सही क्रिया पदबंध का विकल्प हो।**
**मुझे रोहन दूर से ही दिखाई दे रहा है।**

(a) रोहन दूर से ही (b) मुझे रोहन
(c) दूर तेजी (d) दिखाई दे रहा है

**Ans : (d)** दिए गए वाक्य में 'दिखाई दे रहा है' पदबंध क्रिया का सही विकल्प है। क्रिया उस शब्द/शब्दों को कहते हैं। जिनसे किसी कार्य का करना या होना व्यक्त हो।

**67. निम्न विकल्पों में से उस विकल्प का चयन कीजिए जो भाववाचक संज्ञा का सही विकल्प नहीं है।**

(a) मधुरता (b) योगी
(c) लोभ (d) रूकावट

**Ans : (b)** मधुरता, लोभ और रुकावट शब्दों से किसी पदार्थ की अवस्था दशा या भाव का बोध हो रहा। अतः ये भाववाचक संज्ञा के उदाहरण है। 'योगी' भाववाचक संज्ञा का उदाहरण नहीं है।

**68. निम्न विकल्पों में से उस विकल्प का चयन कीजिए जो दिए गए समस्तपद के सही द्विगु समास का विकल्प है।**
**तिरंगा**

(a) तीन रंगों का समाहार (b) तीन रंगों से
(c) तीन रंग वाला (d) तीन रंग

**Ans : (a)** द्विगु समास में पहला पद संख्यावाचक विशेषण होता है तथा समस्तपद किसी समूह या किसी समाहार का बोध कराता है। अतः तिरंगा का सही विग्रह होगा- तीन रंगों का समाहार।

**69. निम्न विकल्पों में से उस विकल्प का चयन करें जो 'अन्' उपसर्ग से बना सही शब्द है।**

(a) अकाल (b) अक्षर
(c) अनुसार (d) अनायास

**Ans : (d)** 'अन्' उपसर्ग से बना सही शब्द है-'अनायास'
**उपसर्ग–** वह अव्यय है जो शब्द के पहले लगकर उसके अर्थ में विशेषता ला देते हैं या परिवर्तन कर देते हैं। उदाहरण-आयास (प्रयत्न) में अन् उपसर्ग लगकर अनायास (बिना प्रयत्न के) शब्द बना देता है।

**70. निम्न विकल्पों में से उस विकल्प का चयन कीजिए जो दिए गए वाक्य के अनुसार विशेषण के भेद का सही विकल्प हो।**
**मैं ( ताज़ा ) फल लाया हूँ।**
(a) परिमाण वाचक (b) गुणवाचक
(c) संख्यावाचक (d) सार्वनामिक

**Ans : (b)** दिए गए वाक्य में 'ताज़ा' शब्द फल के गुण का बोध करा रहा है। अतः यह गुणवाचक विशेषण का उदाहरण है।

**71. निम्न विकल्पों में से उस विकल्प का चयन कीजिए जो जातिवाचक संज्ञा का सही विकल्प नही है।**
(a) दाल (b) वृक्ष
(c) कक्षा (d) अमेरिका

**Ans : (d)** जिस शब्द से किसी व्यक्ति, वस्तु या स्थान की संपूर्ण जाति का बोध हो उसे जातिवाचक संज्ञा कहते हैं। दिए गए विकल्पों में 'अमेरिका' शब्द व्यक्तिवाचक संज्ञा का उदाहरण है अतः यह जातिवाचक संज्ञा नहीं होगा। अन्य सभी विकल्प- दाल, वृक्ष और कक्षा जातिवाचक संज्ञा के उदाहरण हैं।

**72. निम्न विकल्पों में से कौन सा विकल्प नीचे दिए गए शब्द का सही विलोम शब्द है**
**जंगम**
(a) विरल (b) स्थावर
(c) अज्ञात (d) शोक

**Ans : (b)** 'जंगम' का अर्थ है जो चल सकता हो या जिसमें गति हो जबकि 'स्थावर' शब्द का अर्थ 'जड़' है अर्थात जो स्थिर हो, जिसमें गति संभव न हो,अतः जंगम का सही विलोम शब्द स्थावर होगा। अन्य विकल्पों के विलोम निम्न प्रकार है-

| शब्द | विलोम |
|---|---|
| विरल | अवरिल |
| अज्ञात | ज्ञात |
| शोक | हर्ष |

**73. निम्न विकल्पों में से उस विकल्प को चुनिए जो दिए गए शब्द के सही अनेकार्थी रूप वाला विकल्प नहीं है।**
**फल**
(a) लाभ (b) नतीजा
(c) मंगल (d) मेवा

**Ans : (c)** 'फल' शब्द का प्रयोग परिस्थितियों के अनुसार लाभ, नतीजा और मेवा के अर्थ में किया जाता है। 'मंगल' फल का अनेकार्थी शब्द नहीं है।
उदाहरण – मेहनत का फल (नतीजा) मीठा होता है। उसकी संपदा उसके अच्छे कर्मों का फल (लाभ) है। दुर्बलता में सूखे फलों (मेवा)का सेवन लाभप्रद है।

**74. निम्न विकल्पों में से उस विकल्प का चयन कीजिए जो दिए गए समस्तपद के सही करण तत्पुरुष समास का विकल्प है।**
**भयाकुल**
(a) भय में आकुल (b) भय को आकुल
(c) भय का आकुल (d) भय से आकुल

**Ans : (d)** करण तत्पुरुष में उत्तरापद प्रधान होता है और पूर्वपद गौण और 'से' करण कारक चिह्न का लोप होता है। 'भयाकुल' समस्तपद का सही विग्रह'भय से आकुल' होगा।

**75. निम्न विकल्पों में से उस विकल्प का चयन कीजिए जो भाववाचक संज्ञा का सही विकल्प नहीं है।**
(a) कांति (b) पीर
(c) चौड़ाई (d) नीलिमा

**Ans : (b)** दिए गए विकल्पों में 'पीर' शब्द विशेषता बताने वाला है, शेष अन्य विकल्प कांति, चौड़ाई और नीलिमा शब्द किसी चीज या पदार्थ की अवस्था, दशा या भाव का बोध करा रहे हैं। ये भाववाचक संज्ञाएँ हैं। अतः 'पीर' भाववाचक संज्ञा नहीं है।

**76. निम्न विकल्पों में से उस विकल्प का चयन कीजिए जो दिए गए वाक्य के अनुसार सही अव्यय पदबंध का विकल्प हो।**
**अपने सामान के साथ वह चला गया।**
(a) चला गया (b) के साथ चला गया
(c) अपने सामान के साथ (d) के साथ

**Ans : (d)** अव्यय पदबंध वाक्य में अव्यय का कार्य करता है, इस पदबंध का अंतिम शब्द अव्यय होता है। दिए गये वाक्य में 'के साथ' अव्यय पदबंध है।

**77. निम्न विकल्पों में से कौन-सा विकल्प नीचे दिए गए शब्द का सही पर्यायवाची शब्द नहीं है?**
**औचक**
(a) सहसा (b) छोर
(c) यकायक (d) अचानक

**Ans : (b)** औचक (अचानक घटित होने की अवस्था या भाव) के पर्यायवाची शब्द है- सहसा, यकायक, अचानक। अतः 'छोर' शब्द औचक का पर्यायवाची नहीं है।

**78. निम्न विकल्पों में से उस विकल्प का चयन करें जो उपसर्ग से बने शब्द का सही विकल्प नहीं है।**
(a) जहरीला (b) परामर्श
(c) चिरायु (d) लाचार

**Ans : (a)** 'जहरीला' शब्द उपसर्ग से निर्मित नहीं हुआ है। शेष विकल्पों में उपसर्ग निम्न प्रकार है-

| शब्द | उपसर्ग |
|---|---|
| परामर्श | परा |
| चिरायु | चिर |
| लाचार | ला |

**79. निम्न विकल्पों में उस विकल्प को चुनिए जो दिए गए शब्द-युग्म का सही अर्थ वाला विकल्प है।**
**पायस-पावस**
(a) पाना-पैर (b) पाना-वर्षा
(c) खीर-वर्षा ऋतु (d) खीर-पैर

**Ans : (c)** सही अर्थ वाला युग्म है-
पायस-पावस → खीर –वर्षा ऋतु

**80. निम्न विकल्पों में से उस विकल्प का चयन कीजिए जो दिए गए वाक्य के अनुसार सर्वनाम के भेद का सही विकल्प हो।**
**( वह ) फिर प्रथम आया है।**
(a) प्रश्नवाचक (b) निजवाचक
(c) निश्चयवाचक (d) संबंधवाचक

**Ans : (c)** दिये गये वाक्य में (वह) शब्द से निश्चित व्यक्ति का संकेत मिल रहा है। अतः (वह) निश्चयवाचक सर्वनाम का उदाहरण है।

**81. नीचे दिए गए शब्द का सही संधि-विच्छेद वाला विकल्प पहचानिए**
**अछूतोद्धार**
(a) अछूत + उद्धार (b) अछुत + उद्धार
(c) अछूतो + द्धार (d) अछूत + ओद्धर

**Ans : (a)** दिए गए शब्द का सही संधि-विच्छेद होगा।
अछूतोद्धार = अछूत + उद्धार (गुण संधि)

**82. स्वर संधि के कितने भेद होते हैं-**
(a) पांच (b) तीन
(c) छः (d) चार

**Ans : (a)** स्वर संधि के पांच भेद होते हैं, जो निम्न है-दीर्घ संधि, गुण संधि,यण संधि, वृद्धि संधि, तथा अयादि संधि।

**83. निम्नलिखित वाक्य में उद्देश्य का सही विकल्प चुनिए। आजकल कोई भी किसी का भी काम करने को तैयार है।**
(a) आजकल (b) किसी का भी
(c) काम करने को तैयार है (d) आजकल कोई भी

**Ans : (d)** उपर्युक्त वाक्य में 'आजकल कोई भी' उद्देश्य होगा तथा वाक्य का शेष भाग विधेय। उद्देश्य वह होता है, जिसके बारे में बात कही जाती है।

**84. निम्नलिखित वाक्य के अनुसार संज्ञा उपवाक्य का विकल्प बताइए।**
**उसने कहा कि उसे कुछ भी नहीं पता।**
(a) कहा कि उसे
(b) उसे कुछ भी नहीं पता
(c) उसने कहा कि उसे
(d) नहीं पता

**Ans : (b)** उपर्युक्त वाक्य में 'उसे कुछ भी नहीं पता' संज्ञा उपवाक्य का उदाहरण है,क्योंकि यह प्रधान उपवाक्य (उसने कहा कि) का पूरक बनकर सर्वनाम के स्थान पर प्रयुक्त हो रहा है।

**85. नीचे दिए गए शब्दों का सही संधि वाला विकल्प पहचानिए?**
**मातृ + आनंद**
(a) मातृनंद (b) मत्रिनंद
(c) मातृआनंद (d) मात्रानंद

**Ans : (d)** सही संधि विच्छेद इस प्रकार होगा-
मातृ + आनंद = मात्रानंद (यण् संधि)

**86. निम्न विकल्पों में से संयुक्त वाक्य को पहचानिए।**
(a) बच्चा जिस कक्षा में है प्रसन्न है।
(b) सूर्य पूर्व से उदय होता है।
(c) वह अच्छे स्कूल में पढ़ा है और वह स्कूल उसके घर के पास था।
(d) मैं बहुत थक गया हूँ।

**Ans : (c)** दो या दो से अधिक उपवाक्यों से मिलकर संयुक्त वाक्य बनता है। दिए गए विकल्पों में विकल्प (c) संयुक्त वाक्य का उदाहरण है।

**87. निम्न विकल्पों में से उस विकल्प का चयन कीजिए जो दिए गए वाक्य के अनुसार विशेषण के भेद का सही विकल्प हो।**
**हमारे विद्यालय में ( दो सौ विद्यार्थी ) पढ़ते हैं।**
(a) गुणवाचक (b) संख्यावाचक
(c) सार्वनामिक (d) परिमाणवाचक

**Ans : (b)** (दो सौ विद्यार्थी) से निश्चित संख्या का बोध हो रहा है, अतः यह निश्चित 'संख्यावाचक विशेषण'होगा।

**88. निम्नलिखित वाक्य में कोष्ठक में दिए गए शब्द का उपवाक्य का नाम बताइए।**
**रूपेश ही प्रथम आएगा क्योंकि वह ( बहुत मेहनती है। )**
(a) क्रिया विशेषण उपवाक्य (b) सर्वनाम उपवाक्य
(c) विशेषण उपवाक्य (d) संज्ञा उपवाक्य

**Ans : (c)** उपर्युक्त वाक्य में कोष्ठक में दिया गया गौण उपवाक्य प्रधान उपवाक्य के विशेषण की तरह व्यवहृत हो रहा है या संज्ञा की विशेषता को बतला रहा है। अतः ये विशेषण उपवाक्य होगा।

**89. निम्नलिखित वाक्य में उद्देश्य का सही विकल्प पहचानिए।**
**मेरा भाई शिवम् आज विदेश जाएगा।**
(a) मेरा भाई शिवम् (b) आज विदेश जाएगा
(c) भाई (d) विदेश जाएगा

**Ans : (a)** उपर्युक्त वाक्य में 'मेरा भाई शिवम्' उद्देश्य होगा, क्योंकि शिवम् के विषय मे कुछ कहा जा रहा है। जिसके विषय में कुछ कहा जाता है, वह उद्देश्य कहलाता है और जो कुछ कहा जाता है वह 'विधेय' कहलाता है।

**90. नीचे दिए गए शब्द में प्रयुक्त संधि भेद का सही विकल्प .चुनिए।**
**यद्यपि**
(a) यद् + यापी (b) यदी + अपि
(c) यद् + अपि (d) यदि + अपि

**Ans : (d)** सही संधि विच्छेद इस प्रकार होगा-
यद्यपि – यदि + अपि (यण् सधि)

**91. निम्नलिखित वाक्य में उद्देश्य का सही विकल्प पहचानिए।**
**वह बालिका बहुत अच्छा काम करती है।**
(a) बहुत अच्छा
(b) वह बालिका
(c) काम करती है
(d) बहुत अच्छा काम करती है

**Ans : (b)** उपर्युक्त वाक्य में उद्देश्य 'वह बालिका' होगा क्योंकि बालिका के संबध में ही कुछ कहा जा रहा है।

**92. निम्न विकल्पों में से मिश्र वाक्य को पहचानिए।**

(a) मैंने गृह कार्य पूरा कर लिया
(b) मुझे सन्देश मिला और मैं तुरंत चल पड़ा
(c) काम जल्दी समाप्त करो और घर जाओ।
(d) उसे पूरा विश्वास है कि वह अपने काम में सफल हो जाएगा।

**Ans : (d)** विकल्प (d) मिश्र वाक्य का उदाहरण है क्योंकि यह दो उपवाक्यों से मिलकर बना है और पहला उपवाक्य सरल और प्रधान वाक्य है, और दूसरा उस पर आश्रित है।

**93. निम्न विकल्पों में से संयुक्त वाक्य को पहचानिए।**

(a) वक्त बीत जाता है पर बात याद रहती है।
(b) क्या वह यहाँ आ गया।
(c) मैंने खाना नहीं खाया।
(d) कृपया शांति बनाये रखें।

**Ans : (a)** दिए गए विकल्पों में विकल्प (a) संयुक्त वाक्य होगा- 'वक्त बीत जाता है पर बात याद रहती है।' इसमें दो उपवाक्य है और दोनों प्रधान है।

**94. नीचे दिए गए शब्दों का सही संधि वाला विकल्प पहचानिए?**
**वि + आप्त**

(a) व्याप्त (b) विआप्त
(c) वीयाप्त (d) विपत

**Ans : (a)** सही संधि विच्छेद इस प्रकार होगा-
वि + आप्त = व्याप्त (यण संधि)

**95. निम्नलिखित वाक्य में विधेय का सही विकल्प पहचानिए।**
**सुंदर मोर बहुत देर से नाच रहा है।**

(a) बहुत देर से नाच रहा है
(b) सुंदर मोर
(c) सुंदर मोर बहुत देर से
(d) नाच रहा है

**Ans : (a)** उपर्युक्त वाक्य में उद्देश्य और विधेय इस प्रकार हैं-
सुंदर मोर बहुत देर से नाच रहा है।
उद्देश्य विधेय
अतः विकल्प (a) संगत उत्तर है।

**96. नीचे दिए गए शब्द का सही संधि-विच्छेद वाला विकल्प पहचानिए?**
**महोदधि**

(a) महो + दधि (b) मह + ऊदधि
(c) महा + उदधि (d) महो + उदधि

**Ans : (c)** दिए गए शब्द का सही संधि-विच्छेद इस प्रकार होगा-
महोदधि = महा + उदधि (गुण संधि)

**97. निम्न विकल्पों में से मिश्र वाक्य को पहचानिए।**

(a) वह भले ही समझदार न हो पर अच्छा है।
(b) वह दिल लगाकर पढ़ता है।
(c) यदि आप आज्ञा दें तो मैं आगे जाऊं
(d) इस समय सर्दी है तो कोट पहन लो।

**Ans : (c)** 'यदि आप आज्ञा दें तो मैं आगे जाऊँ।' यह मिश्र वाक्य का उदाहरण है क्योकि पहला उपवाक्य सरल वाक्य है और प्रधान है तथा दूसरा उपवाक्य आश्रित है।

**98. निम्नलिखित विकल्पों में संदेहवाचक वाक्य का सही विकल्प चुनिए।**

(a) नववर्ष मंगलमय हो।
(b) दशरथ अयोध्या के राजा है।
(c) क्या उसने काम कर लिया?
(d) राम का मकान उधर है।

**Ans : (c)** 'क्या उसने काम कर लिया?' इस वाक्य से कार्य के पूर्ण होने को लेकर संदेह अथवा संभावना का बोध हो रहा है। अतः यह संदेहवाचक वाक्य होगा।

**99. निम्नलिखित विकल्पों में इच्छावाचक वाक्य का सही विकल्प चुनिए।**

(a) मैंने सुना है कि वह अस्वस्थ था।
(b) भगवान करे तुम परीक्षा में अच्छे अंक लाओ।
(c) भारत एक देश है।
(d) वइ इस योग्य नहीं है कि सेना में भरती हो।

**Ans : (b)** 'भगवान करे तुम परीक्षा में अच्छे अंक लाओ।' उपर्युक्त वाक्य 'इच्छावाचक वाक्य का उदाहरण है।

**100. नीचे दिए गए शब्दों का सही संधि वाला विकल्प पहचानिए?**
**गंगा + ऊर्मि**

(a) गंगार्मि (b) गंगोर्मि
(c) गंगाउर्मि (d) गंगाऊर्मि

**Ans : (b)** सही संधि इस प्रकार होगा-
गंगा + ऊर्मि = गंगोर्मि (गुण संधि)

**101. नीचे दिए गए शब्द में प्रयुक्त संधि भेद का सही विकल्प चुनिए।**
**जगन्नाथ**

(a) जग + न्नाथ (b) जगन्ना + थ
(c) जगन + नाथ (d) जगत् + नाथ

**Ans : (d)** सही संधि विच्छेद इस प्रकार होगा-
जगन्नाथ = जगत् +नाथ (व्यंजन संधि)

**102. 'कुणाल' गीत के रचयिता कौन थे?**

(a) माखनलाल चतुर्वेदी (b) मैथिलीशरण गुप्त
(c) मुक्तिबोध (d) दिनकर

**Ans : (b)** 'कुणाल गीत' मैथिलीशरण गुप्त का खण्डकाव्य है। इनके अन्य प्रमुख खण्डकाव्य हैं- जयद्रथ वध, भारत-भारती, पंचवटी, द्वापर, नहुष, जय भारत तथा शकुंतला, विष्णु प्रिया आदि।

**103. भाषा की सार्थक लघुत्तम ईकाई किसे माना जाता है?**

(a) अर्थ (b) मात्रा
(c) वर्ण (d) शब्द

**Ans : (d)** भाषा की सार्थक लघुत्तम इकाई को 'शब्द' कहते हैं। वर्णों के सार्थक समूह को 'शब्द' कहते हैं

104. हिमाद्रि तुंग शृंग से प्रबुद्ध शुद्ध भारती
स्वयं प्रभा समुज्ज्वला स्वतंत्रता पुकारती
अमर्त्य वीर पुत्र हो, दृढ़-प्रतिज्ञ सोच लो,
प्रशस्त पुण्य पंथ है, बढ़े चलो, बढ़े चलो! में कौन सा छंद है?
(a) रोला (b) कुण्डलिया
(c) दिगपाल (d) छप्पय

Ans : (c) उपर्युक्त पंक्ति में 'दिगपाल' छंद है।
**दिगपाल छंद**– इस छंद में चार चरण होते हैं। इसके प्रत्येक चरण की यति बारह-बारह मात्राओं पर होती है। इसके दो चरणों का तुकांत मिलना अनिवार्य है। इसे मृदुगति छंद भी कहते हैं।

105. ''उधर गरजती सिंधु लहरियाँ कुटिल काल के जालों-सी। चली आ रही फेन उगलती फन फैलाये व्यालों-सी॥'' में कौन-सा रस है?
(a) रौद्र (b) अद्भुत
(c) वीभत्स (d) भयानक

Ans : (d) उपर्युक्त पंक्तियों में 'भयानक रस' है। भयानक रस का स्थायी भाव 'भय' है। भयंकर प्राकृतिक दृश्यों को देखकर अथवा प्राणों के विनाशक बलवान शत्रु को देखकर उसका वर्णन उपर्युक्त पंक्तियों में किया गया है।

106. किस कवि को भारतीय आत्मा कहा जाता है?
(a) प्रसाद (b) माखनलाल चतुर्वेदी
(c) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र (d) लाल श्रीनिवासदास

Ans : (b) माखनलाल चतुर्वेदी (1889-1968) को 'एक भारतीय आत्मा' के नाम से भी जान जाता है। इनके प्रमुख काव्य संग्रह- हिमकिरीटनी (1943) तथा हिमतरंगिनी (1949) है।

107. आठ मास बीते जजमान, अब तो करो दच्छिना दान – यह पंक्ति किस संपादक के द्वारा ग्राहकों से चंदे की अपील के रूप में लिखी है।
(a) प्रताप नारायण मिश्र (b) बालकृष्ण भट्ट
(c) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र (d) लाला श्रीनिवासदास

Ans : (a) प्रताप नारायण मिश्र 1883 ई. में मासिक पत्र 'ब्राह्मण' के संपादक थे। इसी पत्र में अपने ग्राहकों से चंदा मांगने के लिए मिश्र जी उपर्युक्त पंक्ति लिखी। इनकी प्रसिद्ध उक्ति है, 'हिन्दी हिन्दू हिन्दुस्तान।'

108. पारिजात महाकाव्य किसके द्वारा रचित है?
(a) हरिऔध (b) सियाराम शरण गुप्त
(c) मैथिलीशरण गुप्त (d) श्रीधर पाठक

Ans : (a) पारिजात (1937 ई.), अयोध्या सिंह उपाध्याय 'हरिऔध' का महाकाव्य है। इनकी दो अन्य काव्य कृतियाँ, प्रियप्रवास (1914 ई.) तथा वैदेही वनवास (1941 ई.) है। डॉ. गणपतिचन्द्र गुप्त ने 'हरिऔध' को 'आधुनिक काल का सूरदास' कहा है।

109. नीचे दिए गए शब्दों का सही संधि वाला विकल्प पहचानिए?
गै + अक
(a) गैक (b) गेक
(c) गैअक (d) गायक

Ans : (d) सही संधि इस प्रकार होगी-
गै + अक = गायक (अयादि संधि) अतः विकल्प (d) 'गायक' सही उत्तर है।

110. नीचे दिए गए शब्द का सही संधि-विच्छेद वाला विकल्प पहचानिए?
दिगंबर
(a) दिक् + अंबर (b) दिग + अंबर
(c) दिगम + बर (d) दिगं + बर

Ans : (a) दिगंबर शब्द का सही संधि–विच्छेद इस प्रकार होगा- दिगंबर = दिक् + अंबर (व्यंजन संधि) अतः विकल्प (a) दिक् + अम्बर सही उत्तर है।

111. लिपि किसे कहते हैं?
(a) अंकत करने को
(b) लिखित ध्वनि संकेतों को
(c) बोलने तरीकों को
(d) चित्रों को

Ans : (b) किसी भी भाषा को लिखने के लिए जिन ध्वनि चिह्नों /प्रतीकों का प्रयोग किया जाता है, उसे लिपि कहते हैं। जैसे – हिन्दी भाषा की लिपि 'देवनागरी' है।

112. 'चितकोबरा' उपन्यास की लेखिका का नाम क्या है?
(a) मृदुला गर्ग (b) महादेवी वर्मा
(c) कृष्णा सोबती (d) मन्नू भंडारी

Ans : (a) चितकोबरा (1979 ई.) मृदुला गर्ग का चर्चित उपन्यास है। यह उपन्यास नारी-पुरुष के संबंधों और पुरुष प्रधान विरोधी दृष्टिकोण पर आधारित है। इनके अन्य प्रमुख उपन्यास हैं- उसके हिस्से की धूप, वंशज, अनित्य, मैं और मैं आदि।

113. भारतीय साहित्य के इतिहास की समस्याएँ रचना किसने लिखा है?
(a) हजारी प्रसाद द्विवेदी (b) नंद दुलारे बाजपेयी
(c) राम कुमार वर्मा (d) राम विलास शर्मा

Ans : (d) 'भारतीय साहित्य के इतिहास की समस्याएँ (1986 ई.)' डॉ. रामविलास शर्मा की आलोचनात्मक कृति है। रामविलास शर्मा प्रमुख मार्क्सवादी आलोचक हैं। इनकी आलोचना को 'ध्वंसात्मक आलोचना' कहा गया है। प्रगति और परम्परा (1949ई0), प्रगतिशील साहित्य की समस्याएँ (1954), आस्था और सौन्दर्य (1961) तथा परम्परा का मूल्यांकन (1981) इनकी प्रमुख कृतियाँ है

114. नीचे दिए गए शब्दों का सही संधि वाला विकल्प पहचानिए?
उत् + चरित
(a) उच्छरित (b) उच्चरित
(c) उत्वरित (d) उतचरित

Ans : (b) सही संधि इस प्रकार होगी –
उत् +चरित = उच्चरित (व्यंजन संधि) अतः विकल्प (b) उच्चरित सही होगा।

115. ''कहती हुई यों उत्तरा के, नेत्र जल से भर गये।
हिमकणों से पूर्ण मानो, हो गये पंकज नये॥'' पंक्तियों में कौन-सा छंद है?
(a) सवैया (b) सोरठा
(c) दोहा (d) हरिगीतिका

**Ans : (d)** उपर्युक्त पंक्ति हरिगीतिका छंद का उदाहरण है। हरिगीतिका 28 मात्राओं वाला छंद है, इसमें 16 और 12 मात्राओं पर यति विराम होता है।

**116. निम्न में से कौन-सी सियाराम शरण गुप्त की रचना है?**
(a) रसिक रहस्य (b) विष्णुप्रिया
(c) स्वदेश संगीत (d) मौर्य विजय

**Ans : (d)** 'मौर्य विजय' सियाराम शरण गुप्त की रचना है 'रसिक रहस्य' अयोध्या सिंह उपाध्याय 'हरिऔध' की जबकि 'विष्णुप्रिया' और 'स्वदेश संगीत' मैथिलीशरण गुप्त की काव्य कृतियां हैं। सियारामशरण गुप्त, मैथिलीशरण गुप्त के अनुज थे।

**117. कौन दूसरे तार सप्तक के कवि नहीं है?**
(a) अज्ञेय (b) शमशेर बहादुर सिंह
(c) भवानी प्रसाद मिश्र (d) हरिनारायण व्यास

**Ans : (a)** 'अज्ञेय' तार सप्तक (1943 ई.) में सम्मिलित कवि हैं न कि दूसरे सप्तक के, दूसरा सप्तक (1951 ई.) अज्ञेय जी के सम्पादकत्व में निकला जिसमें सम्मिलित कवि हैं-शमशेर बहादुर सिंह, भवानी प्रसाद मिश्र, रघुवीर सहाय, शकुंत माथुर, हरिनारायण व्यास, नरेश मेहता, धर्मवीर भारतीय।

**118. फोर्ट विलियम कॉलेज कहाँ स्थित है?**
(a) कोलकाता (b) प्रयाग
(c) मुंबई (d) दिल्ली

**Ans : (a)** फोर्ट विलियम कॉलेज, कोलकाता मे स्थित है। इसकी स्थापना सन् 1800 ई0 मे वेलेजली ने किया। 'लल्लू लाल' और 'सदल मिश्र' दोनों ही फोर्ट विलियम कॉलेज के प्राध्यापक थे।

**119. ''तो पर वारों उरबसी, सुन राधिके सुजान।
तू मोहन के उरबसी, ह्वै उरबसी समान।'' में कौन-सा अलंकार है?**
(a) अनुप्रास (b) वक्रोक्ति
(c) यमक (d) श्लेष

**Ans : (c)** उपर्युक्त दोहे में 'यमक' अलंकार है। एक ही शब्द दो या दो से अधिक बार आये तथा उनका अर्थ अलग-अलग हो तो वहाँ पर यमक अलंकार होता है। दिए गए दोहे में 'उरबसी' शब्द का तीन बार प्रयोग किया गया है। जहाँ उर्वशी नारी से प्रथम बार तुलना की गई है। दूसरी बार हृदय में निवास करने के लिए तथा तीसरी बार उर्वशी नामक आभूषण के लिए 'उरबसी' शब्द आया है।

**120. निम्न में से किस पत्रिका का संपादन कार्य 'भारतेन्दु हरिश्चन्द्र' द्वारा नहीं हुआ है?**
(a) कविवचनसुधा (b) हरिश्चन्द्र चन्द्रिका
(c) बालाबोधिनी (d) भारत-मित्र

**Ans : (d)** 'भारत मित्र' पत्रिका का संपादन भारतेन्दु हरिश्चन्द्र द्वारा नहीं हुआ है। भारत मित्र के प्रथम सम्पादक पं. हरमुकुन्द शास्त्री थे। 1899 ई0 में बालमुकुंद गुप्त इसके सम्पादक पद पर आसीन हुए तथा 1904-1905 ई0 में 'शिवशम्भू का चिट्ठा' नाम से निबंध इसी पत्रिका में लिखा।

**121. ''तंबूरा ले मंच पर बैठे प्रेमप्रताप, साज मिले पंद्रह मिनट घंटा भर आलाप। घंटा भर आलाप, राग में मारा गौता, धीरे-धीरे खिसक चुके थे सारे श्रोता।'' में कौन-सा रस है?**
(a) भयानक (b) हास्य
(c) करुण (d) रौद्र

**Ans : (b)** उपर्युक्त पंक्तियों में 'हास्य रस' है, इसे मनोरंजक रस माना गया है। हास्य रस का स्थायी भाव 'हास' है।

**122. किस माध्यम के आ जाने से अखबार को अपने कार्य को और रोचक बनाने के बारे में फिर से सोचना पड़ा?**
(a) पत्रिका (b) रेडियो
(c) इन्टरनेट (d) टी.वी.

**Ans : (c)** 1969 ई. में इंटरनेट की खोज के बाद यह तेजी से लोगों में लोकप्रिय हुआ। इंटरनेट के पूर्व समसामयिक खबरों तथा देश-विदेश की हलचलों के बारे में जानकारी का प्रमुख स्रोत दैनिक अखबार हुआ करते थे। इंटरनेट ने अपनी गति की तीव्रता से अखबार के सम्मुख कड़ी चुनौती पेश की जिसके बाद अखबारों में अमूलचूल परिवर्तन किए गए।

**123. ''रहिमन पानी राखिये, बिन पानी सब सून।
पानी गये न ऊबरै, मोती मानुष चून।'' इस पंक्ति में कौन-सा अलंकार है?**
(a) यमक (b) श्लेष
(c) विभावना (d) रूपक

**Ans : (b)** उपर्युक्त पंक्तियो में श्लेष अलंकार है, यहां पानी शब्द का तीन अर्थ है, मोती के संबंध में चमक, मानुष के संबंध में 'इज्जत' तथा चून के संबंध में जल। श्लेष अलंकार के दो भेद होते हैं : संभंग श्लेष और अभंग श्लेष।

**124. निम्न में से क्या साक्षात्कर की सीमाएँ एवं हानियों से सम्बंधित विकल्प नहीं है?**
(a) लचीली पद्धति
(b) दोषपूर्ण स्मरण
(c) गलत सूचनाओं की प्राप्ति की संभावना
(d) व्यक्तिगत पक्षपात

**Ans : (a)** 'लचीली पद्धति' साक्षात्कार की सीमाएँ एवं हानियों से संबंधित विकल्प नहीं है, अपितु सकारात्मक पक्ष है, जिसमें आवश्यकतानुसार विषय-वस्तु एवं साक्षात्कार संचालन में परिवर्तन किया जा सकता है। शेष अन्य विकल्प साक्षात्कार की सीमाएं हैं।

**125. निम्नलिखित में से कौन-सा एक दैनिक पत्र था?**
(a) प्रजामित्र (b) बंगदूत
(c) लोकमित्र (d) समाचार सुधावर्षण

**Ans : (d)** विकल्प में दिए गए पत्रों के संपादक एव प्रकार निम्न हैं-

| समाचार पत्र | सम्पादक | वर्ष (ई.) | प्रकार | स्थान |
|---|---|---|---|---|
| समाचार सुधाकर्षण | श्यामसुन्दर सेन | 1854 | दैनिक | कलकत्ता |
| प्रजामित्र | चंद्रकांत केनी | 1834 | साप्ताहिक | कलकत्ता |
| बंगदूत | राजा राम मोहन राय | 1829 | साप्ताहिक | कलकत्ता |

**126. एक ही शब्द, जब दो या दो से अधिक बार आये तथा उनका अर्थ अलग-अलग हो तो वहाँ पर कौन-सा अलंकार होता है?**
(a) व्यतिरेक (b) रूपक
(c) भ्रांतिमान (d) यमक

**Ans : (d)** एक ही शब्द जब दो या दो से अधिक बार आए तथा हर बार उसके अर्थ अलग-अलग हों तो वहाँ 'यमक अलंकार' होता है। उदाहरण -

कबिरा सोई पीर है, जे जाने पर पीर।
जे पर पीर न जानई, सो काफिर बेपीर।।

**127. दैनिक जागरण का प्रथम संस्करण 1942 में कहाँ से जारी किया गया है?**

(a) दिल्ली (b) झांसी
(c) कानपुर (d) मुंबई

**Ans : (b)** दैनिक जागरण का प्रथम संस्करण 1942 में झांसी से जारी किया गया। 1947 में इसका मुख्यालय झांसी से कानपुर स्थानान्तरित किया गया।

**128. निबंध लेखन के लघु रूप को क्या कहा जाता है?**

(a) आलेख (b) विज्ञापन
(c) रिपोर्ट (d) फीचर

**Ans : (a)** निबंध लेखन के लघु रूप को आलेख कहते हैं। किसी विषय का वर्णन एक सीमित आकार के भीतर एक विशेष निजीपन, स्वच्छंदता और सजीवता निबंध विधा की विशेषता है। आलेख में सीमाओं को और स्पष्ट करते हुए एक विषय पर सर्वांगीणपूर्ण और सम्यक् विचार प्रस्तुत किया जाता है। इसे निबंध का लघु रूप भी माना जाता है।

**129. ''स्थायी भाव जब विभाव, अनुभावएवं संचारी भावों के योग से आस्वादन होता है।'' रस की यह परिभाषा किस विद्वान ने दी है?**

(a) आचार्य श्यामसुंदर दास (b) आचार्य विश्वनाथ
(c) आचार्य रामचंद्र शुक्ल (d) आचार्य धनंजय

**Ans : (a)** रस की उपर्युक्त परिभाषा 'आचार्य श्यामसुन्दर दास' की है। श्यामसुंदर दास के अनुसार सहृदय के चित्त का सधारणीकरण होता है। साहित्यलोचन, रूपकरहस्य, मेरी आत्मकहानी (1941) तथा हिन्दी भाषा का विकास इनके प्रमुख मौलिक ग्रन्थ हैं।

**130. 'वामा' हिन्दी की मासिक महिलापयोगी पत्रिका का सम्पादन किसके निर्देशन में हुआ?**

(a) मृणाल पाण्डेय (b) घनश्याम पंकज
(c) विमला पाटिल (d) श्री अनन्तराम त्रिपाठी

**Ans : (c)** 'वामा' हिन्दी की मासिक पत्रिका महिलापयोगी पत्रिका का सम्पादन 'विमला पाटिल' के निर्देशन में हो रहा था। इन्होंने 'फेमिना' नाम की अंग्रेजी पत्रिका का भी निर्देशन किया।

**131. निम्न में से कौन-सा विकल्प काव्य में छंद के महत्त्व से संबंधित गलत विकल्प है?**

(a) छंद सरस न होने के कारण मन को भाते नहीं है
(b) छंद मानवीय भाषाओं को झंकृत करते हैं।
(c) छंद में स्थायित्व होता हैं
(d) छंद से हृदय का सौंदर्यबोध होता है।

**Ans : (a)** विकल्प (a) असंगत है, छंद सरस होते हैं तथा छंदयुक्त कविताएं मन को भाती हैं। शेष विकल्प छंद की विशेषता को दर्शा रहे हैं। विकल्प अतः विकल्प (a) सही है।

**132. आज के समय में उपभोक्ता को आकर्षित करने का सबसे सही तरीका क्या है?**

(a) आलेख (b) रिपोर्ट
(c) विज्ञापन (d) साक्षात्कार

**Ans : (c)** 'विज्ञापन' का मुख्य उद्देश्य उपभोक्ता को उत्पाद की विशेषताओं से परिचित कराते हुए उसके मन में तीव्र आकर्षण पैदा करना होता है।

**133. इलेक्ट्रॉनिक, वेब, सोशल आदि मीडिया उपलब्ध होने के बाद भी प्रिंट मीडिया के इतना लोकप्रिय होने के पीछे क्या कारण है?**

(a) ज्यादा मात्रा में उपलब्ध होना
(b) रंगीन चित्रों का प्रयोग
(c) लोगों का शिक्षित होना
(d) अन्य माध्यमों का प्रभावी न होना

**Ans : (c)** प्रिंट मीडिया अपनी प्रामाणिकता और स्थायित्व के चलते मीडिया के इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों के बाद भी अपना स्थान पाठकों के बीच बनाए हुए हैं। छात्रों और शोधार्थियों के लिए प्रिंट मीडिया, संदर्भ रिफरेंस और दस्तावेज का भी काम करता है। अतः विकल्प (c) संगत है।

**134. जनसत्ता नामक अखबार के संपादक कौन थे?**

(a) रुद्रदत्त (b) प्रभाष जोशी
(c) ज्वालाप्रसाद शर्मा (d) कालू राम

**Ans : (b)** जनसत्ता नामक अखबार के संपादक 'प्रभाष जोशी' थे। इसके वर्तमान संपादक 'मुकेश भारद्वाज' जी हैं।

**135. ''किलकत कान्ह घुटरुवन आवत।
मनिमय कनक नंद के आंगन,
बिम्ब पकरिये धावत।।'' में कौन-सा रस निहित है?**

(a) भक्ति (b) वात्सल्य
(c) करुण (d) शांत

**Ans : (b)** उपर्युक्त पंक्तियों में 'वात्सल्य रस' है। कृष्ण की बाल सुलभ चेष्टाएं आलम्बन हैं, वत्सलता या स्नेह स्थायी भाव है, उद्दीपन है किलकना, अनुभाव रोमांचित होना, मुख चूमना, संचारी भाव हर्ष, चपलता, उत्सुकता आदि है।

**136. 'मन रे तन कागद का पुतला।
लागे बूँद बिनसि जाय छिन में,
गरब करे क्या इतना।।'' में कौन-सा रस है?**

(a) अद्भुत (b) शांत
(c) वात्सल्य (d) भक्ति

**Ans : (b)** उपर्युक्त पंक्तियो में 'शांत रस' है। इन पंक्तियों मे आत्मज्ञान के पश्चात वैराग्य की भावना को दर्शाया गया है। इस वैराग्य भावना को ही 'निर्वेद' कहते हैं। यही निर्वेद शांत रस का स्थायी भाव होता है।

**137. 'पंजाब केसरी' समाचार पत्र किस राज्य से प्रकाशित नहीं होता है?**

(a) जम्मू कश्मीर (b) पंजाब
(c) महाराष्ट्र (d) दिल्ली

**Ans : (c)** 'पंजाब केसरी' समाचार पत्र महाराष्ट्र से प्रकाशित नहीं होता, बल्कि यह जम्मू कश्मीर, पंजाब, दिल्ली, जयपुर, पानीपत से प्रकाशित होता है।

**138. सीता के पैर कमल समान है
हरि पद कोमल कमल से।'' में कौन सा अलंकार है?**

(a) उपमा (b) प्रतिक
(c) उत्प्रेक्षा (d) व्यतिरेक

**Ans : (a)** जब प्रस्तुत वस्तु की उसके किसी विशेष गुण, स्वभाव क्रिया आदि के आधार पर अन्य अप्रस्तुत से समानता स्थापित की जाती है तो वहाँ उपमा अलंकार होता है। उपर्युक्त पंक्ति में सीता और राम के चरणों की तुलना कमल से की जा रही है।

**139. ''चम्पक हरवा अंग मिलि, अधिक सुहाय। झानि परे सिय हियरे,जब कुंभिलाय।।'' में कौन-सा छंद है?**

(a) बरवै (b) कवित्त
(c) सवैया (d) उल्लाला

**Ans : (a)** उपर्युक्त पंक्तियाँ 'बरवै छंद' में रचित हैं। बरवै छंद के प्रथम एवं तृतीय चरण में 12-12 मात्राएँ तथा द्वितीय और चतुर्थ चरण में 7-7 मात्राएं होती हैं। सम चरणों के अंत में जगण होता है।

**140. स्वतंत्रता के पूर्व पत्रकारिता का मुख्य लक्ष्य क्या था?**

(a) प्रसिद्धि प्राप्ति
(b) सम्पूर्ण देश को अलग करना
(c) प्रशासन और समाज को पृथक करना
(d) स्वतंत्रता प्राप्त

**Ans : (d)** स्वतंत्रता के पूर्व पत्रकारिता का मुख्य उद्देश्य स्वतंत्रता प्राप्त करना था, राजा राममोहन राय, श्यामसुन्दर सेन, भारतेन्दु हरिश्चन्द्र जैसे विद्वानों ने अपने पत्रों के माध्यम से स्वतंत्रता प्राप्ति में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

**141. निम्न नाटककारों व उनके द्वारा रचित नाटक में से कौन-सा विकल्प गलत है?**

(a) बालकृष्ण भट्ट –नल दमयन्ति स्वयंवर
(b) भारतेन्दु हरिश्चंद्र –मुद्राराक्षस
(c) प्रताप नारायण मिश्र –मीराबाई
(d) राधाकृष्ण दास-दुःखिनी बाला

**Ans : (c)** दिये गये विकल्पों में 'प्रताप नारायण मिश्र- मीराबाई' असंगत नाटक युग्म है। इसका संगत युग्म 'प्रताप नारायण मिश्र- संगीत शाकुन्तल' होगा। जबकि अन्य विकल्प संगत हैं।

**142. इनमें से कौन-सा नाटक भारतेंदु कृत नहीं है?**

(a) अंधेर नगरी (b) हठी हमीर
(c) चन्द्रावली (d) सती प्रताप

**Ans : (b)** हठी हम्मीर, प्रतापनारायण मिश्र का नाटक है, इनके अन्य प्रमुख नाटक है- गोसंकट, जुआरा-खुआरी,सगीत शाकुन्तल आदि। जबकि अंधेर नगरी, चन्द्रावली, सती प्रताप, भारत दुर्दशा आदि भारतेन्दु जी के नाटक हैं। अतः विकल्प (b) हठी हम्मीर सही उत्तर होगा।

**143. निम्न में से कौन नई कविता के प्रमुख कवि है?**

(a) दिनकर (b) प्रसाद
(c) अज्ञेय (d) निराला

**Ans : (c)** अज्ञेय नई कविता के प्रमुख कवि हैं 'नयी कविता' नाम अज्ञेय का दिया हुआ है। उन्होंने इस पद का सर्व प्रथम प्रयोग एक रेडियो वार्ता में किया था, जो बाद में 'नये पत्ते' के जनवरी-फरवरी, 1953 ई. के अंक में 'नयी कविता' शीर्षक से प्रकाशित हुई। 1943 ई. में इन्होंने 'तार सप्तक' का सम्पादन किया, तार सप्तक के प्रकाशन से ही प्रयोगवाद का आरंभ माना जाता है। जयशंकर प्रसाद और निराला जी छायावाद के प्रमुख कवि हैं। प्रसाद कृत आंसू को 'हिन्दी का मेघदूत' कहा जाता है।

**144. 'राजा भोज का सपना' पुस्तक की भाषा क्या है?**

(a) अवधी (b) हिंदी उर्दू मिश्रित
(c) अपभ्रंश (d) ब्रजभाषा

**Ans : (b)** 'राजा भोज का सपना' पुस्तक की भाषा 'हिन्दी उर्दू मिश्रित' है, यह शिवप्रसाद सितारेहिन्द की रचना है। आचार्य रामचन्द्र शुक्ल ने इनके संबंध मे लिखा है, ''प्रारम्भ काल से ही वे ऐसी हिन्दी के पक्षपाती थे जिसमें सर्वसाधारण के बीच प्रचलित अरबी-फारसी शब्दों का स्वच्छन्द प्रयोग हो।'' राजा शिवप्रसाद की अन्य महत्वपूर्ण रचनाएँ हैं- इतिहास तिमिर नाशक, वामा मनोरंजन, भूगोल हस्तामलक आदि

**145. अलंकारवादी आचार्य इनमें से कौन है?**

(a) विश्वनाथ (b) दंडी
(c) मम्मट (d) कुंतक

**Ans : (b)** 'दंडी' प्रमुख अलंकारवादी आचार्य हैं। इन्होंने काव्य के शोभाकारक धर्म को अलंकार कहा है।
'आचार्य भामह' को अलंकार सम्प्रदाय का प्रवर्तक माना जाता है। अन्य प्रमुख अलंकारवादी आचार्य निम्न है- उद्भट, रुद्रट, भोज, जयदेव, अप्पय दीक्षित। 'कुंतक' वक्रोक्ति सिद्धान्त के प्रवर्तक थे, इनका ग्रन्थ 'वक्रोक्तिजीवितम्' है। मम्मट के ग्रन्थ का नाम 'काव्यप्रकाश' है।

**146. ''खेती न किसान को भिखरी को न भीख, बलि, बनिक को बनिज, न चाकर को चाकरी।'' पंक्ति तुलसी की किस कृति से संबंधित है?**

(a) गीतावली (b) विनय पत्रिका
(c) रामचरित मानस (d) कवितावली

**Ans : (d)** उपर्युक्त पंक्ति तुलसीदास की कृति 'कवितावली' से है। यह ब्रजभाषा में रचित मुक्तक काव्य है। 'कवितावली' में बनारस (काशी) के तत्कालीन समय में फैले 'महामारी' का वर्णन 'उत्तरकाण्ड' में किया गया है।

**147. 'संयोगिता स्वयंवर' नाटक के रचयिता कौन है?**

(a) भारतेंदु हरिश्चंद्र (b) अम्बिकादत्त व्यास
(c) लाला श्रीनिवासदास (d) राधाकृष्णदास

**Ans : (c)** 'संयोगिता स्वयंवर (1886)' लाला श्रीनिवासदास का ऐतिहासिक नाटक है। इनके अन्य नाटक-रणधीर प्रेममोहिनी, तप्ता संवरण है। रणधीर प्रेममोहिनी को हिन्दी का पहला दुःखान्तक नाटक माना जाता है।

**148. निम्न में से कौन अलंकारवादी आचार्य नहीं है?**

(a) भामह (b) दंडी
(c) कुवलयानंद (d) जयदेव

**Ans : (c)** भामह,दंडी, जयदेव अलंकारवादी आचार्य हैं, जबकि कुवलयानंद योग वैज्ञानिक अनुसंधान के अग्रदूत हैं। 'काव्यालंकार' भामह की रचना है तथा 'काव्यादर्श' दण्डी की। जयदेव ने 'चन्द्रालोक' नामक अलंकार शास्त्र की रचना की।

**149. समकालीन कविता आंदोलन का सूत्रपात किसने किया?**

(a) वीरेंद्र कुमार जैन (b) जगदीश चतुर्वेदी
(c) शलभ श्री राम सिंह (d) विश्वम्भरनाथ उपाध्याय

**Ans : (d)** 'समकालीन कविता' आन्दोलन का प्रवर्तन डॉ. विश्वम्भरनाथ उपाध्याय ने किया। सन् 1976 में इनकी पुस्तक समकालीन कविता की भूमिका का प्रकाशन हुआ जिससे समकालीन कविता की शुरुआत मानी जाती है। कुछ प्रमख समकालीन कवि और उनकी रचनाएं-

| कवि | काव्यसंग्रह |
|---|---|
| जगदीश गुप्त | नाव के पाँव, युग्म, शब्द-दंश, छंदशती |
| दुष्यंत कुमार | सूर्य का स्वागत,साए में धूप |

**150. निम्न में से मलूकदास की रचना के नाम बताएँ?**
(a) मृगावती (b) सुंदर विलास
(c) बीजक (d) रतनखान

**Ans : (d)** निम्न रचनाओं के रचनाकार इस प्रकार हैं –

| रचना | रचनाकार |
|---|---|
| रतनखान | मलूकदास |
| मृगावती | कुतुबन |
| सुंदर विलास | सुंदरदास |
| बीजक | कबीरदास |

**151. इन लेखकों में कौन फोर्ट विलियम कॉलेज के अध्यापक थे?**
(a) इंशा अल्लाह खां (b) सदल मिश्र
(c) राजा राममोहन राय (d) पं. जुगल किशोर

**Ans : (b)** सदल मिश्र और लल्लू लाल इस कॉलेज के प्राध्यापक थें। फोर्ट विलियम कॉलेज की स्थापना 1800 ई0 में तत्कालीन गवर्नर लार्ड वेलेजली ने की थी। 'प्रेमसागर' ग्रंथ की रचना लल्लू लाल ने की।

**152. निम्न विकल्पों में से संगत विकल्प कौन-सा है?**
(a) प्लेटो-विरेचन (b) कार्ल मार्क्स-सहजानुभूति
(c) क्रोचे-अभिव्यंजना (d) हीगेल-यथार्थवाद

**Ans : (c)** निम्न विद्वानों के साहित्यिक सिद्धान्त इस प्रकार है-

| विद्वान | सिद्धान्त | पुस्तक |
|---|---|---|
| क्रोचे | अभिव्यंजनावाद | न्यू एसेज आन एस्थेटिक |
| प्लेटो | प्रत्यय-सिद्धान्त | गणतंत्र, लॉज |
| हींगेल | द्वद्वात्मक पद्धति | लेक्चर ऑन एस्थेटिक |
| कार्ल मॉर्क्स | मार्क्सवाद | दास कैपिटल |

**153. निम्न में से उस विकल्प को चुनिए जो विज्ञापन बनाते समय ध्यान रखने योग्य बात का सही विकल्प नहीं है?**
(a) नारे या स्लोगन तथा प्रेरक वाक्यों का प्रयोग न करें
(b) रंगीन चित्रों का इस्तेमाल ज्यादा अच्छा है
(c) कम शब्दों में अधिक प्रभावशाली होना
(d) अंत में संपर्क नंबर अवश्य लिखें।

**Ans : (a)** विज्ञापन का उद्देश्य उपभोक्ता को उत्पाद की गुणवत्ता की जानकारी देना है। अतः उसमें स्लोगन तथा प्रेषक वाक्यों का प्रयोग अपरिहार्य होता है। अतःविकल्प (a) असंगत है।

**154. रस को काव्य का क्या माना जाता है?**
(a) आनंद (b) कारक
(c) आत्मा (d) आधार

**Ans : (c)** रस को काव्य की 'आत्मा' माना जाता है। रस को काव्य की आत्मा के रूप में सर्वप्रथम 'विश्वनाथ' ने मान्यता दी। रस को ब्रह्मानन्द सहोदर सर्वप्रथम भट्टनायक ने कहा।

**155. नाट्यशास्त्र के रचयिता कौन है?**
(a) भामह (b) जयदेव
(c) भरत (d) वामन

**Ans : (c)** आचार्य भरतमुनि को संस्कृत काव्यशास्त्र का प्रथम आचार्य माना जाता है। 'नाट्यशास्त्र'इनकी प्रसिद्ध रचना है, जिसमे नाटक के सभी पक्षों का विस्तृत विवेचन किया गया है। भरतमुनि ने रसों की संख्या 'आठ' मानी है।

**156. अभिनव गुप्त किस रस सूत्र के व्याख्याता है?**
(a) आरोपवाद (b) अभिव्यक्तिवाद
(c) अनुमानवाद (d) मुक्तिवाद

**Ans : (b)** अभिनव गुप्त ने भरत मुनि के 'रस-सूत्र' की व्याख्या की, इनके सिद्धान्त का नाम 'अभिव्यक्तिवाद' था। इनका दार्शनिक मत 'शैव दर्शन' है। अभिनव गुप्त ने रस की अवस्थिति सामाजिक मे मानी।

**157. हरी घास पर क्षण भर किसकी कृति है?**
(a) नागार्जुन (b) भारतभूषण अग्रवाल
(c) अज्ञेय (d) प्रभाकर माचवे

**Ans : (c)** 'हरी घास पर क्षण भर' अज्ञेय जी का काव्य संग्रह है,अज्ञेय जी के सम्पादकत्व में चार सप्तक प्रकाशित हुए। तार सप्तक (1943 ई.) के प्रकाशन से 'प्रयोगवाद' का आरंभ माना जाता है। इनके प्रमुख काव्य संग्रह हैं- भग्नदूत (1933 ई.), चिन्ता (1942 ई.) इत्यलम् (1946 ई.),बावरा अहेरी (1954 ई.) तथा आँगन के पार द्वार (1961 ई.) आदि।

**158. बादल राग कविता के कवि कौन है?**
(a) केदारनाथ अग्रवाल (b) पंत
(c) निराला (d) नागार्जुन

**Ans : (c)** 'बादल राग' सूर्यकान्त त्रिपाठी 'निराला' की कविता है। यह कविता 'परिमल (1930ई0)' काव्य संग्रह में संकलित है। निराला की लम्बी कविता 'सरोज-स्मृति' को हिन्दी का 'प्रथम शोकगीत' माना जाता है। निराला के प्रमुख काव्य संग्रह हैं- अनामिका (1923), परिमल (1930), गीतिका (1936), तुलसीदास (1938ई0), कुकुरमुत्ता (1942), तथा सांध्यकाकली (1969 ई0) आदि।

**159. निम्न में से कौन सिख संप्रदाय के प्रवर्तक थे?**
(a) गुरु अर्जुन देव (b) गुरु अंगद
(c) गुरुनानक देव (d) गुरु गोविन्द सिंह

**Ans : (c)** गुरुनानक देव सिख सम्प्रदाय के प्रवर्तक एवं आदि गुरु थे। इनकी प्रमुख रचनाएँ- जपुजी, आसदीबार, सोहिला 'गुरू ग्रन्थ साहिब' में संकलित हैं। 'जपुजी' में नानक जी के दर्शन का सारतत्त्व संकलित है।

**160. रसगंगाधर के रचयिता कौन है?**
(a) दंडी (b) आचार्य विश्वनाथ
(c) अभिनव गुप्त (d) पंडितराज जगन्नाथ

**Ans : (d)** 'रसगंगाधर' पंडित राज जगन्नाथ की संस्कृत साहित्यशास्त्र पर प्रौढ़ कृति है। इनका समय 17वीं शती का प्रथम चरण माना जाता है। 'रसगंगाधर' की टीका 'नागेश भट्ट' ने लिखी थी। अप्पय दीक्षित के अलंकार ग्रन्थ 'चित्रमीमांसा' की खंडात्मक आलोचना 'चित्रमीमांसाखंडन' नाम से पण्डित राज ने लिखी।

**161. सूफी कवि किस शाखा से संबंधित थे?**
(a) कृष्णभक्ति शाखा (b) रामभक्ति शाखा
(c) ज्ञानाश्रयी (d) प्रेमाश्रयी

**Ans : (d)** आचार्य रामचन्द्र शुक्ल ने हिन्दी साहित्य के भक्तिकाल को सर्वप्रथम शुद्ध दार्शनिक एवं धार्मिक आधार पर चार भागों में बांटा,निर्गुण धारा के अन्तर्गत ज्ञानाश्रयी एवं प्रेमाश्रयी शाखा तथा सगुण धारा के अन्तर्गत रामभक्ति शाखा तथा कृष्ण भक्ति शाखा। सूफी कवि/काव्य निर्गुण धारा की प्रेमाश्रयी शाखा के अन्तर्गत आते हैं।

**162. महावृक्ष के नीचे किसकी काव्य रचना है?**
(a) मुक्तिबोध (b) अज्ञेय
(c) पंत (d) दिनकर

**Ans : (b)** 'महावृक्ष के नीचे' अज्ञेय का काव्य-संग्रह है, इसका प्रकाशन 1977 ई0 में हुआ था। अज्ञेय अस्तित्ववाद में आस्था रखने वाले कवि हैं। हिन्दी कविता आन्दोलन में 'नई कविता' नाम अज्ञेय जी द्वारा दिया गया। इनके कुछ प्रमुख काव्य संग्रह हैं-सागर मुद्रा (1970), पहले मैं सन्नाटा बुनता हूं (1973), नदी की बाँक छाया (1981) आदि।

**163. दिवस का अवसान समीप था, किस रचना से है?**
(a) झरना से (b) प्रिय प्रवास से
(c) करुणालय से (d) युगांत से

**Ans : (b)** उपर्युक्त पंक्ति अयोध्यासिंह उपाध्याय 'हरिऔध' के 'प्रिय प्रवास' महाकाव्य से है, यह खड़ी बोली हिन्दी का प्रथम महाकाव्य माना जाता है। प्रिय प्रवास (1914) में कृष्ण के बचपन से लेकर मथुरा प्रस्थान तक का वर्णन किया गया है।

**164. 'अभिज्ञान शाकुंतलम' के रचयिता कौन हैं?**
(a) केदारनाथ अग्रवाल (b) माखनलाल चतुर्वेदी
(c) दिनकर (d) कालीदास

**Ans : (d)** 'अभिज्ञानशाकुन्तलम' कालिदास का प्रसिद्ध नाटक है। कालिदास संस्कृत भाषा के महान कवि और नाटककार थे। इन्होंने अपने लेखन के लिए पौराणिक विषयों को आधार बनाया। इनके दो अन्य संस्कृत नाटक हैं-विक्रमोवर्शीयम तथा मालविकाग्निमित्रम रघुवंशम् और कुमारसंभवम् इनके महाकाव्य हैं।

**165 'नीहार'काव्य संग्रह के रचयिता कौन है?**
(a) रामचरित उपाध्याय (b) महादेवी वर्मा
(c) श्रीकांत वर्मा (d) सुमित्रानंदन पंत

**Ans : (b)** 'नीहार' काव्य संग्रह महादेवी वर्मा का है, महादेवी को 'हिन्दी के विशाल मन्दिर की वीणा पाणि' कहा जाता है। नीहार (1930), रश्मि (1932), नीरजा (1935), सांध्यगीत (1936ई.) आदि इनके प्रमुख काव्य संग्रह हैं।

**166. निम्नलिखित में से कौन-सा गीति काव्य तुलसीदास का सर्वोत्तम काव्य है?**
(a) कामयानी (b) बरवै रामायण
(c) प्रियप्रवास (d) रश्मिरथी

**Ans : (b)** दिए गए विकल्पों में 'बरवै रामायण' 'तुलसीदास' का सर्वोत्तम काव्य है, यह अवधी भाषा में रचित मुक्तक काव्य है। प्रिय प्रवास (1914) अयोध्या सिंह उपाध्याय कृत खड़ी बोली हिन्दी का प्रथम महाकाव्य माना जाता है। रश्मिरथी (1952) रामधारी सिंह 'दिनकर' का खण्डकाव्य है।

**167. 'पूर्वा' कविता किसकी है?**
(a) अज्ञेय (b) मुक्तिबोध
(c) निराला (d) प्रसाद

**Ans : (a)** पूर्वा (1965) 'अज्ञेय' का काव्य संग्रह है। अज्ञेय को प्रयोगवाद तथा नई कविता का 'शलाका पुरुष' कहा जाता है। भग्नदूत (1933), चिन्ता (1942), इत्यलम (1946) तथा हरी घास पर क्षण भर (1949) आदि अज्ञेय के महत्वपूर्ण काव्य संग्रह है। 'नई कविता'नाम अज्ञेय का दिया हुआ है।

**168. 'व्यक्तिगत' के रचयिता कौन है?**
(a) शमशेर (b) धर्मवीर भारती
(c) भवानी प्रसाद मिश्र (d) सर्वेश्वर

**Ans : (c)** 'व्यक्तिगत' भवानी प्रसाद मिश्र का काव्य-संग्रह है, इसका प्रकाशन 1973 में हुआ, कहानीकार 'उदय प्रकाश' ने भवानी प्रसाद को 'कविता का गाँधी' कहा है। भवानी प्रसाद दूसरा सप्तक (1951) में शामिल कवि हैं। कमल के फूल, सतपुड़ा के जंगल, टूटने का सुख, गीत फरोश इनकी चर्चित कविताएँ हैं।

**169. 'चित्रावली' काव्य के रचयिता कौन है?**
(a) घनानंद (b) विद्यापति
(c) खुसरो (d) उसमान

**Ans : (d)** चित्रावली उसमान की रचना है। अन्य कवियों की रचनाएँ इस प्रकार हैं-

| कवि | रचना |
|---|---|
| घनानंद | सुजान सार, इश्कलता, विरहलीला, यमुग यश। |
| विद्यापति | कीर्तिलता, कीर्ति पताका, पदावली |
| अमीर खुसरो | खालिक बारी, पहेलियां, मुकरियां, दो सुखने |

**170. 'नरसी जी का मायरा' किसकी रचना है?**
(a) सूरदास (b) मीराबाई
(c) बालकृष्ण (d) कबीर

**Ans : (b)** 'नरसी जी का मायरा' मीराबाई की रचना है। इनका जन्म 1516 ई. में हुआ था। मीराबाई की भाषा राजस्थानी मिश्रित ब्रजभाषा है। इनकी अन्य प्रमुख रचनाएँ इस प्रकार हैं- गीत गोविन्द की टीका, राग सोरठा, राग गोविन्द, मलार राग, रुक्मणी मंगल आदि।

**निम्नलिखित अवतरण को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उससे संबंधित प्रश्नों के दिए गए बहुविकल्पों में से सही विकल्प को चुनिए।**

हर व्यक्ति में एक समूचा ब्रह्मांड वैसे ही बसा है जैसे छोटे से बीज में पूरा छिपा है। आदमी इस ब्रह्मांड की रचनात्मक और क्रियात्मक इकाई है। इस बात से विज्ञान भी सहमत है। वैज्ञानिक कहते हैं कि विश्व के प्रत्येक जीव की क्रिया और उसका स्वभाव अलग-अलग होता है। किन्हीं भी दो में एकरूपता नहीं होती। इसी प्रकार से करोड़ों कोशिकाओं (सेल्स) से इस शरीर का निर्माण हुआ है। प्रत्येक का स्वभाव तथा कर्म भिन्न है,फिर भी यह मानव शरीर बाहर से एक दिखाई पड़ता है। प्रत्येक

कोशिका जीवित है। कुछ सुप्त अवस्था में है, तो कुछ जाग्रत में। वे कभी विश्राम नहीं करती। हालांकि ये कोशिकाएं कार्य में तथा व्यवहार में एक-दूसरे से भिन्न हैं, परन्तु ध्यान की विधि द्वारा इनमें उसी प्रकार सामंजस्य स्थापित किया जा सकता है। आदमी ध्यान के माध्यम से शरीर की सभी कोशिकाओं की ऊर्जा को एकत्र कर उर्ध्वगामी कर लेता है। यदि एक क्षण के लिए भी ऐसा कर पाया तो उतने में ही वह नई शक्ति, नए ओज से भर जाता है।

**171. दिए गए अनुच्छेद का सटीक शीर्षक लिखिए।**

(a) सभी में भिन्नता (b) सामंजस्य का प्रभाव
(c) एकरूपता का न होना (d) भिन्न-भिन्न व्यवहार

**Ans : (b)** दिए गए अनुच्छेद में व्यक्ति और ब्रह्मांड के बीच के एकात्मक संबंध को दर्शाते हुए, समस्त इकाइयों के सामंजस्य के प्रभाव को महत्वपूर्ण बताया गया है, अतः उपर्युक्त शीर्षक 'सामंजस्य का प्रभाव' होगा।

**172. कोशिका के बारे में क्या बताया गया है?**

(a) हमारे शरीर में कुछ कोशिकाएं हैं
(b) कोई भी कोशिका जीवित नहीं है
(c) कोशिकाएं सदैव विश्राम करती है
(d) प्रत्येक का स्वभाव तथा कर्म भिन्न है

**Ans : (d)** उपर्युक्त अनुच्छेद में कहा गया है जिस प्रकार अनंत ब्रह्मांड के प्रत्येक जीव के क्रिया और स्वभाव भिन्न-भिन्न होते हैं। उसी प्रकार करोड़ों कोशिकाओं का स्वभाव तथा कर्म भिन्न है।

**173. व्यक्ति नए ओज और नई शक्ति से किस प्रकार भर जाता है?**

(a) ध्यान के माध्यम से
(b) कोशिकाओं के कारण
(c) सूर्य की किरणों के कारण
(d) शरीर में छिपे ब्रह्माण्ड के कारण

**Ans : (a)** ध्यान के माध्यम से व्यक्ति अपनी सम्पूर्ण कोशिकाओं को एक दिशा में केन्द्रित कर लेता है जिससे उसकी बिखरी हुई ऊर्जा संग्रहित हो जाती है और व्यक्ति नए ओज शक्ति से भर जाता है।

**174. अनुच्छेद के अनुसार हर व्यक्ति में क्या समाया हुआ है?**

(a) उसकी क्रियाएँ (b) एक समूचा ब्रह्माण्ड
(c) पूरा वृक्ष (d) एक बीज

**Ans : (b)** उपर्युक्त अनुच्छेद में व्यक्ति को ब्रह्मांड का प्रतिरूप कहा गया है अर्थात् हर व्यक्ति में एक समूचा ब्रह्मांड समाया हुआ है।

**175. दिए गए विकल्पों में से कौन-सा सामंजस्य समानार्थी शब्द नहीं है?**

(a) असामंजस्य (b) अनुकूलता
(c) संगति (d) तालमेल

**Ans : (a)** 'असामंजस्य' शब्द 'सामंजस्य'का विपरीतार्थक है न कि समनार्थी, अतः विकल्प (a) सही है।

**निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उससे संबंधित प्रश्नों के दिए गए बहुविकल्पों में से सही विकल्प को चुनिए।**

गरमी की दोपहरी में, तपे हुए नभ के नीचे।
काली सड़क तारकोल की, अंगारे-सी जली पड़ी थी।
छाँह जली थी पेड़ों की भी पत्ते झुलस गए थे।
नंगे –नंगे दीर्घकाय, कंकालों-से वृक्ष खड़े थे
हाँ अकाल के ज्यों अवतार।
एक अकेला ताँगा था दूरी पर
कोचवान की काली-सी चाबुक के बल पर वो बढ़ता था।
घूम-घूम जो बलखाती थी सर्प सरीखी।
बेदर्दी से पड़ती थी दुबले घोड़े की गर्म पीठ पर।
भाग रहा वह तारकोल की जली-अँगीठी के ऊपर से।
कभी एक ग्रामीण धरे कन्धे पर लाठी, सुख-दुख की मोटी सी गठरी लिये पीठ पर भारी जूते फटे हुए जिन में से थी झाँक रही गाँवों की आत्मा जिन्दा रहने के कठिन जतन में पाँव बढ़ाये आगे जाता।

**176. काव्यांश का उचित शीर्षक चुनिए।**

(a) गर्मी की दोपहर (b) सुख-दुःख
(c) एक ग्रामीण (d) ताँगा वाला

**Ans : (a)** उपर्युक्त काव्यांश में गर्मी की दोपहर और धूप की तपिश से उत्पन्न परिस्थितियों का वर्णन है, अतः 'गर्मी की दोपहर' उपर्युक्त शीर्षक होगा।

**177. कविता में कवि ने ग्रामीण का वर्णन कैसे किया है?**

(a) कि वह जिन्दा रहने के लिए कठिन जतन किये जा रहा हैं
(b) कि उसके पास मूल्यवान वस्तुएँ हैं
(c) कि वह कुल व्यापार करने जा रहा है है गठरी में सामान लिए
(d) कि वह बहुत ही संपन्न लग रहा है

**Ans : (a)** उपर्युक्त काव्यांश में कवि ने ग्रामीण की संघर्षमय परिस्थिति का वर्णन किया है, जिसमें वह अपने जीवन हेतु कठिन जतन कर रहा है।

**178. दिए गए विकल्पों में से कौन-सा अकाल का पर्यायवाची शब्द नहीं है?**

(a) अशुभ समय (b) उपयुक्त समय
(c) दुष्काल (d) अनवसर

**Ans : (b)** 'उपयुक्त समय' शब्द अकाल का पर्यायवाची नहीं है। अन्य विकल्प अकाल के समनार्थी है।

**179. काव्यांश में कवि ने गरमी के दोपहर के बारे में क्या बताया है?**

(a) वृक्ष हरे-भरे खड़े हैं
(b) नभ शीतल है
(c) पेड़ों की छाँह ठंडी है
(d) तारकोल की सड़को के विषय में

**Ans : (d)** कवि ने गर्मी की दोपहरी में 'तारकोल की सड़के' किस तरह से अंगारे की तरह लाल और गर्म हो चली है, इसका वर्णन किया है।

**180. काव्य के अनुसार ताँगा किस प्रकार आगे बढ़ रहा है?**

(a) कि वो चाबुक के डर के मारे आगे बढ़ रहा है
(b) ताँगा तारकोल की सड़कों पर प्यार से बढ़ रहा है
(c) घोड़ा खुशी-खुशी ताँगा खींच रहा है
(d) ताँगा आगे ना जाकर रुका हुआ है

**Ans : (a)** उपर्युक्त काव्यांश में कवि तांगे के विषय में कहता है कि कोचवान की चाबुक के डर से वह आगे बढ़ रहा है। अन्यथा इस गर्मी में वह छाँव में रहना चाहता।